अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 204 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 19 जुलाई 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## चीन में मंकी बी वायरस संक्रमण से मौत का पहला मामला आया सामने, वेटनरी डॉक्टर ने गंवाई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में मंकी बी वायरस से पहले इंसान को इंफेक्शन और मौत का मामला सामने आया है। जिस शख्स की मौत हुई है वो बीजिंग में रहते थे और जानवरों के डॉक्टर थे। चाइना सीडीसी वीकली की रिपोर्ट के मार्च की शुरुआत में उन्होंने दो बंदरों का ऑपरेशन किया था। इसके बाद ही वह इस वायरस की चपेट में आ गए थे। मार्च में बंदरों का ऑपरेशन करने के बाद 53 वर्षीय वेटनरी डॉक्टर को मचली की शिकायत होने लगी थी। इसके एक महीने बाद उन्हें उल्टी, बुखार और न्यूरोलॉजिकल समस्याएं होने लगी थीं। उन्होंने कई अस्पतालों में इलाज कराया लेकिन 27 मई को उनकी मौत हो गई। चाइना सीडीसी वीकली ने शनिवार को इस बारे में रिपोर्ट प्रकाशित की है। अप्रैल के मध्य में शोधकर्ताओं ने मरीज से कुछ तरल पदार्थों का परीक्षण किया था।

### मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए विपक्ष ने बनाई रणनीति

# संसद में सुनाई देगी महंगाई और किसान आंदोलन की गूंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आज से शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान विभिनन्‍ मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए विपक्षी दलों ने रविवार को रणनीति बनाई और कहा कि आम जनता से जुड़े विषयों को उठाने के लिए हरसंभव संसदीय साधनों का इस्तेमाल किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के मानसून सत्र से पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पहल पर विपक्षी दलों के नेताओं ने आज अलग से एक बैठक की, जिसमें इस बात



पर सहमति बनी कि विपक्षी सांसद सरकार पर विधेयकों को जल्दबाजी में पारित करने की जगह इन्हें संसद की स्थायी समितियों को भेजने के लिये दबाव बनाएंगे। एक विज्ञप्ति में यहां बताया गया कि विपक्षी नेताओं की बैठक में महंगाई, किसान आंदोलन, कोविड-19 "कुप्रबंधन जैसे मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाने का निणन्य लिया गया।

इस बैठक में उच्च सदन से राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष खड़गे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन, द्रमुक नेता तिरुचि शिवा, शिवसेना से संजय राउत, कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश, उपनेता कांग्रेस आनंद शर्मा, माकपा से इलामारक करीम और भाकपा से विनय विश्वम शामिल हुए। बैठक में लोकसभा से कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, आम आदमी पार्टी (आप) के भगवंत मान, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, आइन्यूएमएल के मोहम्मद बशीर, केरल कांग्रेस के थामसजी, शिवसेना के विनायक राउत आदि शामिल हुए।

## अखिलेश यादव का आरोप, सत्ता फिसलते देख अब बहकाने के नए-नए तरीके तलाश रही भाजपा

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव सपा लोकतंत्र, संविधान और समाजवाद तीनों की सुरक्षा के लिए लड़ेगी और भाजपा



की तानाशाही व्यवस्था को रास्ता दिखाया जाएगा। भाजपा हाथ से सत्ता फिसलता देख हताश-निराश है। ऐसे में वह व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा लोगों को बहकाने के लिए नये-नये तरीके तलाशे जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि भाजपा सरकार के पास पास गिनाने के लिए एक भी योजना नहीं है। प्रशासन पर उसकी पकड़ न होने से हर मोर्चे पर विफलता मिली है। हवाई वादों और कागजी सफलताओं के प्रचार से जनता ऊबी हुई है। भाजपा का मातृ संगठन इन हालातों से चिंतित है और लगातार बैठकों से अब तक एक ही निष्कर्ष निकला है कि गुमराह करने की रणनीति ही काम आएगी। पर वे भूलते हैं कि काठ की हाँण्डी बार-बार नहीं चढ़ती है।

सपा मुखिया ने कहा कि भाजपा ने अपने 2017 के संकल्प-पत्र (घोषणा-पत्र) में जो भी वादे किए थे वे सभी धूल चाट रहे हैं। किसानों को उनकी फसल का लाभप्रद मूल्य दिलाने, उनकी आय दुगनी करने के वादे थे पर भाजपा की सरकार ने उल्टे उन पर तीन काले कृषि कानून लाद दिए।

## योगी की जनसंख्या नियंत्रण नीति का नीतीश ने किया विरोध तो शिवसेना बोली- समर्थन वापस ले बीजेपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवसेना नेता संजय राउत ने पार्टी के मुखपत्र सामना में अपने साप्ताहिक कॉलम में जनसंख्या नियंत्रण पर योगी आदित्यनाथ के मसौदे का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री को इस कदम के लिए बधाई दी जानी चाहिए। हालांकि उन्होंने कहा कि चुनावी फायदे के लिए इसे पेश नहीं किया जाना चाहिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिल का विरोध करने पर राउत ने कहा कि अगर नीतीश कुमार कानून का विरोध करते हैं तो भाजपा को नीतीश कुमार सरकार से अपना समर्थन वापस लेना चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना के एक साथ वापस आने की अफवाहों के बीच संजय राउत ने लिखा है कि बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों को अधिक जनसंख्या के कारण नुकसान उठाना पड़ा है। लोगों को पलायन करना पड़ता है। लोग आजीविका की तलाश में दूसरे



राज्यों में जा रहे हैं।

यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश और बिहार की आबादी लगभग 15 करोड़ है और अधिकांश लोग आजीविका की तलाश में दूसरे राज्यों में चले जाते हैं, राउत ने कहा कि इन राज्यों में जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कानूनी कदम उठाए जाने चाहिए। 1947 के बाद भारत के धर्म-आधारित विभाजन का जिक्र करते हुए राउत ने लिखा कि हिंदुओं को धर्मनिरपेक्षतावादी बनने के लिए मजबूर किया गया, जबकि मुसलमानों और अन्य धर्मों के लोगों ने अपनी धार्मिक स्वतंत्रता का आनंद लिया। उन्होंने कहा, ठये लोग जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन में विश्वास नहीं करते हैं। उनकी स्वतंत्रता की भावना एक से अधिक पतनी रखने और बच्चों को जन्म देने में है। जाहिर है, देश की आबादी बढ़ी है लेकिन उनमें से अधिकतर अनपढ़ हैं और बेरोजगार हैं।" उन्होंने दावा किया कि आठ राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। राउत ने लिखा, ठअवैध प्रवास (पड़ोसी बांग्लादेश से) के कारण, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में जनसंख्या जनसांख्यिकी बदल गई है। संजय राउत ने लोकसभा सांसद रवि किशन का मज़ाक उड़ाया, जो मानसून सत्र में चर्चा के लिए जनसंख्या नियंत्रण पर एक निजी विधेयक पेश करेंगे। उन्होंने कहा, इसे अपमान कहें या विडंबना।

## यूपी और उत्तराखंड के बाद अब दिल्ली में भी कांवड़ यात्रा रद्द, कोरोना के कारण लिया फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस साल दिल्ली में भी कांवड़ यात्रा नहीं निकाली जाएगी। कोरोना संक्रमण के कारण दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने रविवार को एक अधिसूचना जारी कर वार्षिक तीथन्यात्रा को रद्द करने की आशंका जताई थी। आपको बता दें कि कोरोनो वायरस महामारी की तीसरी लहर को लेकर आशंका प्रबल आसंका जताई जा रही है। डीडीएमए ने अपने नोटिफिकेशन में कहा, "इस साल कांवड़ यात्रा 25 जुलाई से शुरू होनी है।

## सरकारी दुकान पर बेचीं जा रही मिलावटी शराब

### 24 घंटे खुला रहता है देशी शराब का ठेका, जिलाधिकारी से की गई शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** यमुनापार में देशी शराब का एक ठेका ऐसा भी है, जहां 24 घंटे शराब बेची जाती है। फर्क सिर्फ इतना है कि समय खत्म होने के बाद शराब की बिक्री रोशनदान के जरिए की जाती है। आरोपित है कि यहां पर बच्चों को भी शराब दे दी जाती है। मिलावटी शराब के सेवन से आए दिन लोग यहां बेहोश होकर गिरे रहते हैं। मामले की शिकायत आबकारी महकमे से की गई, पर कोई फायदा नहीं हुआ। इस पर स्थानीय लोगों और विहिप नेताओं ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है, जिसमें बताया है कि शराब की यह दुकान अस्पताल और दो मंदिरों के समीप स्थित है। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार केसरवानी ने जिलाधिकारी से शिकायत की



है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ के लाइनपार पटहट रोड पर देशी शराब का ठेका स्थित है। इस दुकान से महज 50 मीटर के फासले पर दो मंदिर और बगल में अस्पताल स्थित है। इससे मंदिर और अस्पताल आने जाने वाले लोगों को खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आरोपित है कि यहां का सेल्समैन बच्चों और बुजुर्गों को भी शराब देने से परहेज नहीं करता। इसके पश्चात इस मामले को आईजीआरएस पोर्टल के जरिए शासन तक पहुंचाया गया, लेकिन देशी शराब की दुकान का 24 घंटे संचालन जारी रहा। मजबूरन जिलाधिकारी से शिकायत करनी पड़ रही है। जिलाधिकारी को प्रेषित शिकायती पत्र पर वार्ड सभासद सुनीता सिंह, दिनेश कुमार, प्रकाश केसरवानी, इंद्रजीत, राकेश गुप्ता, सोनू, रतन केसरवानी, दिलीप कुमार सिंह, संतोष सोनी, राजेंद्र, नितेश कुमार ने भी हस्ताक्षर किया है।

### मायावती का बड़ा आरोप

# भाजपा को वोट देकर पछता रहा है ब्राह्मण

**लखनऊ (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए कहा है कि भाजपा को वोट देकर ब्राह्मण पछता रहा है। ब्राह्मण समाज ने भाजपा के बहकावे में आकर इनकी सरकार यूपी में बनवाई, लेकिन अब ये लोग इस पार्टी को अपना वोट देकर व इनकी सरकार बनवाकर काफी पछता रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने



वाले विधानसभा चुनाव में ब्राह्मणों को फिर से बसपा के साथ आ जाना चाहिए। ब्राह्मण समाज का हित बसपा व इसकी सरकार में ही सुरक्षित रह सकता है।बसपा सुप्रीमो ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार की खराब कानून-व्यवस्था व जातिगत और धार्मिक द्वेष की भावना से होने वाला शोषण, उत्पीड़न किसी से छिपा नहीं है। खासकर ब्राह्मण समाज इस सरकार में ज्यादा दुखी है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के बहकावे में आकर ब्राह्मणों ने इनको एकतरफा वोट देकर पूरे पांच साल के लिए सरकार बनवाई।

यही समाज अब सबसे ज्यादा दुखी है। इसी का अहसास कराने व इनकी धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर उनके निर्देश पर सतीश चंद्र मिश्रा 23 जुलाई से अयोध्या से सम्मेलन की शुरुआत कर रहे हैं। इसका मकसद वर्ष 2007 की तरह ब्राह्मणों को फिर से बसपा में जोड़ना है।



प्रो. शैलेन्द्र कुमार
चन्दा टीवीएस
नगद एवं फाइनेन्स की सुविधा उपलब्ध है।
जारी बाजार, प्रयागराज मो: 9721116002

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK
PAN-AAFTM3349D
Reg. No.: 1/2014

मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com


साईं कृपा मेंस पार्लर
न्यू हेअर कट, हेअर स्ट्रेटिंग, हेअर पॅच/ विक, स्क्नि ट्रीटमेंट, हेअर स्पा, फायर कट मॉडेल मेकअप, नवरदेव मेकअपउ (पॅकेज)
पार्लर में काम करने के लिए अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है।
प्रो0 उमेश शर्मा
Mob.: 7860823593
पता त्रिवेणीपुरम नियर पानी की टंकी झूसी प्रयागराज


केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142
स्थापना वर्ष – 2021
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS

शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड


प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर

निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा

सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षों का अनुभव प्राप्त।
पता: एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबर: 9793403230, 9335128224

# ग्रामीण अचंल

## जसरा में लो वोल्टेज के कारण पानी आपूर्ति ठप,पानी के लिए मचा हाहाकार

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** 33 /11 उप केंद्र गौहनिया द्वारा संचालित विद्युत व्यवस्था सप्ताह भर से बेहद खराब हो गई है। जहां क्षेत्र का उपभोक्ता अनियमित विद्युत कटौती से बेहद परेशान हो गया है,वहीं जसरा के दोनों जलनिगम में लो वोल्टेज होने के कारण जलनिगम की दोनों मोटर पानी नहीं उठा पा रही हैं।

जसरा बाजार स्थित पंचायत भवन में व्यापारियों ने एक बैठक सपा के ब्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार केसरवानी की अध्यक्षता में की। जिसमें बिजली की अनियमित कटौती पर विचार विमर्श किया गया। समाजवादी व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र केसरवानी ने व्यापारियों से कहा कि विद्युत विभाग के जेई से वार्ता हुई है। जेई ने बताया कि जब तक गौहनिया कौंधियारा सब स्टेशन की लाइट अलग अलग नहीं होगी,तब तक यह समस्या ऐसे ही बनी रहेगी। इन सबके एक होने से ओवरलोड की समस्या बढ़ती जा रही है। जिसकी जानकारी विभाग द्वारा उच्चाधिकारियों को भी दी गई है। उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहीं जसरा में दो जलनिगम से डेढ़ दर्जन गांवों में पानी की सप्लाई की जा रही थी। लेकिन लो वोल्टेज होने के कारण दोनों पम्प पानी नहीं उठा पा रहे है। जिससे दर्जनों गांवों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। वहीं जलनिगम के जेई सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि लो वोल्टेज होने के कारण एक भी मोटर नहीं चल रही है। बिजली की सप्लाई होते ही दोनों पम्प चालू कर दिये जायेंगे। वहीं जसरा के व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का निदान विभाग द्वारा जल्द कराया जाय। ताकि क्षेत्र में बढ़ती उमस पूर्ण भीषण गर्मी व जलनिगम द्वारा सप्लाई का पानी बहाल हो सके और लोगों को रतजगा करने से निजात मिल सके। जब कि बिजली की अनियमित कटौती के संबंध में जसरा के व्यापारियों ने बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग किया है कि जल्द से जल्द समस्या का निदान कराया जाय। अगर समस्या का निस्तारण एक सप्ताह में नहीं किया जाता है तो बाध्य होकर क्षेत्र के व्यापारियों को सड़क पर आंदोलन के लिए उतरना पड़ेगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी।



## पुलिस की सक्रियता से थाना पड़ाव पर छाया रहा सननटा, कस्बे में भी दुकानें बंद

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** वीकेंड दो दिवसीय लॉकडाउन पर सड़कों पर तो आम दिनों की तरह ही आवाजाही दिखाई दी और कस्बे की गलियों व गांवों में दुकानें खुली रहीं। हालांकि थाना पड़ाव समेत इलाके के मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रहे।

मऊआइमा कस्बे के अलावा थाना पड़ाव समेत सभी बड़े बाजार बंद थे। लेकिन लोग अनावश्यक घरों से निकलकर सड़कों पर घूमते रहे। इस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस सक्रिय रही। कोरोना कर्फ्यू में अनलॉक होने के बाद भी शासन द्वारा शनिवार और रविवार की साप्ताहिक बंदी जारी है। गांव और कस्बे की गलियों में दुकानों और आमजन की आवाजाही पर यह आदेश बेअसर है। जबकि थाना पड़ाव, चुनौटा कुआं, नाटी इमली, सदर बाजार, ब्लॉक बाजार तथा गजिया बाजार आदि बाजारों में बंदी का साफ असर दिखाई दिया। कई बाजारों में पुलिस टीम ने सख्ती दिखाते हुए दुकानों को बंद कराया और लोगों का अनावश्यक जमावड़ा दूर हटाया।

### प्रधानों का एक दिवसीय वर्चुअल प्रशिक्षण संपन्न

**सहसों।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को बहादुरपुर विकासखंड के घरहरा चकिया गांव में संपन्न हुआ। वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीओ पंचायत राम शंकर तिवारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश सिंह की देखरेख में 22 गांव के ग्राम प्रधानों ने वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न विषय वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांव के विकास से संबंधित,जल निकासी की समुचित व्यवस्था, स्वच्छता के लिए शौचालय के प्रयोग पर बल सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहसों विष्णू केसरवानी सहित नीता मिश्रा, ममता यादव, रीता देवी, मनीष गुप्ता आदि गांव के ग्राम प्रधान शामिल रहे।

## प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर का कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

### महिला विंग में जनपद की तीन महिलाओं को स्थान देने पर भाजपाइयों ने जताई खुशी, आकांक्षा सोनकर ने डूडा कालोनी में रोपे पौधे

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** नई जिम्मेदारी मिलने के बाद पहली दफा नगर आगमन पर भाजपा की प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) आकांक्षा सोनकर का जोरदार स्वागत किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने आकांक्षा सोनकर को फूल -मालाओं से लाद दिया। इस दौरान आकांक्षा सोनकर ने क्षेत्र की डूडा कालोनी में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया। यमुनापार, प्रयागराज की आकांक्षा सोनकर को पार्टी हाईकमान द्वारा प्रदेश मंत्री, महिला मोर्चा के पद पर जिम्मेदारी दी गई है। इस पर क्षेत्रीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है। प्रदेश मंत्री बनने के बाद रविवार को नगर पंचायत शंकरगढ़ पहुंचने पर आकांक्षा सोनकर भव्य स्वागत किया गया। शंकरगढ़ की डूडा कालोनी में जुटे कार्यकर्ताओं ने आकांक्षा सोनकर बधाई देते हुए पार्टी हाईकमान का भी आभार जताया। स्वागत से अभिभूत आकांक्षा सोनकर ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।



इस दौरान प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर ने डूडा कालोनी ने पौधरोपण किया। बरसात के दिनों में पौधरोपण के दौरान आकांक्षा सोनकर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की जरूरत है। इसके लिए सभी को जागरुक होना होगा और पौधरोपण और संरक्षण के लिए सतत प्रयास करना होगा, तभी योगी सरकारकी पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना साकार हो पाएगी। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन पटहट रोड का कार्य पूर्ण करवाए जाने संबंधी एक मांग पत्र भी आकांक्षा सोनकर को सौंपा। मौके पर मसुरियादीन वर्मा,नगर अध्यक्ष विहिप सुजीत केसरवानी, सतीश विश्वकर्मा, जीतेंद्र विश्वकर्मा, उमा वर्मा, सोमनाथ वर्मा,राजकुमार विश्वकर्मा, अखिलेश सिंह,सुशील सिंह,युवराज सिंह, कुशल कुमार जैन, कुसुम,बबिता, ममता साहू,रानी गुप्ता आदि मौजूद रहे। दूसरी तरफ भाजपा के जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारतीय समेत तमाम पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने डा. कृतिका अग्रवाल को प्रदेश महामंत्री (महिला मोर्चा), कविता यादव प्रदेश मंत्री (महिला मोर्चा) और आकांक्षा सोनकर को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, कोषाध्यक्ष अनूप केसरावनी, सभासद सुधा गुप्ता, सोमनाथ वर्मा, प्रमोद शुक्ला, कुशल जैन, उमा वर्मा,सतीश विश्वकर्मा, सुशील पांडेय, सभासद रानी पांडेय,युवराज सिंह आदि ने इस मनोनयन के लिए पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पार्टी मजबूत होगी।



## शौहर्द पूर्व मनाएं त्योहार,घर में ही पढ़े नमाज

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** पाक त्योहार बकरीद व सावन मास के मेले को लेकर घूरपुर थाने में क्षेत्रीय गणमान्यों के बीच एसओ घूरपुर ने पीस कमेटी की बैठक की । इस अलग अलग गांवो से आये लोगों से बातचीत कर पुलिस ने शांति व्यवस्था बहाली पर विस्तार से चर्चा की।एसओ राजेश उपाध्याय ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने आने वाले बकरीद त्योहार व सावन महीने में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को स्थगित करते हुए बकरीद की नमाज को भी घरों में पढ़ने का निर्देश जारी किया है । उक्त निर्देश को पुलिस तभी पालन करा सकती है जब समाज के जागरूक लोगों का सहयोग हो । एसओ ने भीड़ भाड़ न बढ़ने व किसी अफवाह फैलाने वाले पर सख्ती से कार्रवाई करने की भी बात कही । इस मौके पर एसआई शशिकान्त सिंह,भूपेंद्र कुमार सिंह,शमशेर अहमद,राजरूप पटेल,दिनेश निषाद,सोनू जायसवाल, भोला सिंह इरादतगंज,अनिल सिंह,अभिषेक त्रिपाठी ,लल्लू सिंह आदि कई दर्जन लोग मौजूद रहे ।

## प्रभाकर को मिला गद्य लेखन के लिए मुंशी प्रेमचंद्र सम्मान

**अखंड भारत संदेश**



**बड़ोखर/प्रयागराज।** कोरांव के ऋषि कुमार 'प्रभाकर' ,ग्राम खजूरी खुर्द कोराव प्रयागराज निवासी को गद्य लेखन के लिए मुंशी प्रेमचंद्र सम्मान हिंदी दैनिक वर्तमान अंकुर साहित्यिक पटल की ओर से दिया गया।यह प्रतियोगिता प्रत्येक बुधवार शाम 7:00 बजे से 10:00 बजे से ऑनलाइन आयोजित किया जाता है,।जिसमें भारत के सैकड़ों प्रतिष्ठित गद्य लेखन के लिए प्रतिभागी भाग लेते हैं, जिसमें से उत्कृष्ट गद्य लेखन पर मात्र तीन से चार व्यक्तियों को सम्मान पत्र दिया जाता है,।

इस बार ऋषि कुमार प्रभाकर की उत्कृष्ट गद्य लेखन पर दिया गया, जिसका लेखनठशीर्षकठ बाढ़ था, हम आपको बताते चलें कि युवा साहित्यकार अब तक साहित्य के क्षेत्र में कई पुरस्कारों से सम्मानित हैं ,कविता कहानी गजल इत्यादि पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रही है, तथा साहित्य क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रहे।

## बैंक कार्य मे लापरवाही कतई बर्दाश्त नही की जाएगी-अजय विश्कर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा क्षेत्र 'बैंक की किसी भी समस्या का त्वरित निस्तारण एवम उपभोक्ताओं की समस्या दूर कर खुशी देने में सुकून मिलता है। उक्त विचार मेजा तहसील क्षेत्र के ब्लाक उरुवा रामनगर बाजार स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक अजय विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

दरअसल, उक्त प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने बैंक परिसर के कर्मचारियों के साथ एक बैठक में निर्देशित करते हुए कहा की उपभोक्ताओं की समस्या निस्तारित करने में ही सुकून है। क्योंकि परिसर में भीड़ से कोरोना संक्रमण का भी भय लगा रहता है। इस लिए प्रत्येक उपभोक्ताओं के कार्य तत्काल किए जाएं। ताकि परिसर भीड़ मुक्त हो सके। उन्होंने आगे कहा कि लेन देन सहित किसी भी समस्या को गम्भीरता से लेते हुए कर्मचारी त्वरित निस्तारण का प्रयास करें। और अपने -अपने कार्य को सही और ईमानदारी से करे। जिससे किसी भी उपभोक्ता को कहि से कोई परेशानी का सामना ना करना पड़े। शाखा प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि बैंक कार्य मे लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जो बैंक कर्मचारी अपने काम मे लापरवाही या दोषी पाया जाएगा उसके ऊपर कठोर कानूनी कार्यवाही किया जाएगा।वहीं उक्त शाखा प्रबंधक अजय कुमार विश्वकर्मा की कार्यशैली को लेकर उपभोक्ता ग्रामप्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव, ग्रामप्रधान बजहा प्रतिनिधि राम शिरोमणि विश्वकर्मा (नानहक), गुलजार अहमद पूर्व प्रधान,दिवाकर सिंह यादव अधिवक्ता, डॉक्टर राम मूर्ति सिह यादव, डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद बिन्द, भगवान दास प्रजापती, संजय केशरी,राजेश पाल, शिव मूरत, अभिनव शुक्ला, रणजीत केशरी, मीणा देवी, कौशिल्या दूबे, मोती लाल धनगर, ईश्वर चंद धनगर, देवेश कुमार यादव, इंजीनियर इमितियाज अली, शमशेर यादव, सहित तमाम उपभोक्ता ने खुशी जाहिर और शाखा प्रबंधक को धन्यवाद किया गया।

## पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त किया

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/प्रयागराज।** क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार के पिता का आकस्मिक निधन पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख मनाया शोक। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश सोनकर निवासी जसरा थाना घूरपुर के स्थानीय पत्रकार हैं। उनके पिता भगवती प्रसाद सोनकर उम्र 95 वर्ष का शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। जिस पर पत्रकारों ने रविवार को ग्रमीण पत्रकार एसोसिएशन बारा इकाई के अध्यक्ष पिंटू सिंह के अध्यक्षता में घूरपुर बाजार में बैठक के माध्यम से दो मिनट का मौन रख शोक संवेदना व्यक्त किया । बैठक में शामिल क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार विकास गुप्ता ,नीरज श्रीवास्तव ,विनोद केसरवानी, विनोद शुक्ला ,रोहन केसरवानी, रोहित शर्मा, राकेश पटेल, सुनील यादव, रतन्शॅ शर्मा, राजेश सोनकर, आशीष सोनकर, अवनीश उर्फ रग्घू, मानसिंह पटेल, शंकर लाल साहू, विनय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र कुशवाहा, अनिल सोनकर, बंशीलाल पटेल लालचन्द्र पटेल, रामबाबू पटेल, सूबेदार सिंह, रमेशचन्द्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## जसरा में एक दिन पूर्व गायब हुआ बच्चे का शव मिलने से मचा हड़कंप , परिजनों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** जसरा क्षेत्र के एक गांव से एक दिन पूर्व 7 वर्षीय एक बच्चा गायब हो गया था। अगले दिन उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया । परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



जसरा के कालका का पूरा मजरा पांडर गांव निवासी प्रवीण कुमार जोकि गैस सिलेंडर की गाड़ी में चालक का कार्य करते हैं। प्रवीण कुमार का 7 वर्षीय पुत्र आदर्श जो पैर से विकलांग है तथा ठीक से बोल नहीं पाता। शनिवार दोपहर बाद वह खेत की ओर गया था । शाम को जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन परेशान हो उठे । देर रात तक गांव के लोग आदर्श की खोजबीन करते रह गए । लेकिन वह नहीं मिला। रविवार की दोपहर बाद एक बार फिर परिजन उसकी खोजबीन में निकले तो गांव से लगभग 500 मीटर दूर प्रयागराज बांदा राजमार्ग के बगल झाडि़यों में उसका शव मिल गया।शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया । रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। शव को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी । वही लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि सड़क पार करने के दौरान किसी वाहन की टक्कर लगने से वह झाडि़यों में जा गिरा तथा उसकी मौत हो गई । दुर्घटना होते किसी ने नहीं देखा तथा वाहन भी दुर्घटना करने के बाद भाग निकला होगा। सूचना पर पहुंची बारा थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रवीण कुमार के 3 बच्चों में आजाद 10 वर्ष मधु 8 वर्ष व मृतक आदर्श 7 वर्ष सबसे छोटा था ।घटना की सूचना में सूचना पर मृतक के घर गांव के सैकड़ों लोग पहुंच गए।



## आकांछा सोनकर को प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर लोगों में हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** प्रयाग संगम सेवा संस्थान द्वारा भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आकांक्षा सोनकर को प्रदेश मंत्री बनाये जाने की ख़ुशी में अंगवस्त्राम भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

प्रथम नगर आगमन पर आकांक्षा सोनकर जी को प्रयाग संगम सेवा संस्थान की टीम द्वारा काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की गयी। बाद में आकांक्षा जी के द्वारा संस्थान के नव निर्वाचित प्रधानों का स्वागत किया गया।

जिसमें सूरज यादव प्रधान के साथ ही सुजौना के प्रधान उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में संस्थान के अध्यक्ष सुधांशु मिश्रा, महामंत्री रावेन्द्र तिवारी,कोषाध्यक्ष योगेश यादव, मीडिया प्रभारी आलोक पाठक, मीरा मिश्रा, प्रज्ञा मिश्रा, प्रीति तिवारी, गोलू यादव, आशुतोष यादव,गोपालू शुक्ला, शनि मिश्रा, मनीष यादव, अनिरुद्ध शास्त्री, राजेश तिवारी, अनूप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

### जसरा में खराब निर्माण सामग्री के कारण नव निर्मित पंचायत भवन की फर्श ढही

**जसरा/प्रयागराज।** विकास खंड जसरा के अंतर्गत एक गांव में बना हुआ पंचायत भवन की फर्श ढह गई है। जिसकी शिकायत गांव के वर्तमान प्रधान ने खंड विकास अधिकारी से किया है। बतादें कि विकास खंड जसरा के ग्राम पंचायत चितौरी में पंचायत भवन का निर्माण बीते



साल किया गया था। आरोप है कि निर्माण करने वाले तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ठेकेदार ने यमुना की बालू के स्थान पर जमीन बनाने में पहाड़ के डस्ट का उपयोग किया। जिससे पंचायत भवन की जमीन जगह जगह धंस गई और भवन में दरारें आ गयी हैं। चितौरी के ग्राम प्रधान दारा सिंह पटेल ने खंड विकास अधिकारी जसरा को प्रार्थना पत्र देकर नव निर्मित पंचायत भवन का निरीक्षण कर निर्माण कराने वाले तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है। साथ ही भवन की जमीन के साथ आधा अधूरा निर्माण पूरा कराने का अनुरोध किया है।

## मिलावटी शराब बेचने वाले सहित दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने मिलावटी शराब बेचने के आरोपी को धर दबोचा है। इसके अलावा दहेज उत्पीड़न के आरोपी पति व सास को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा तीन लोगों का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

एसओ कुलदीप कुमार तिवारी ने बताया कि मिलावटी शराब बेचने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को रविवार को मुखबिर की सूचना पर नौढि़या उपरहार (बैंक आफ बड़ौदा) के पास से गिरफ्तार किया गया है। बताया कि बीते 12 अप्रैल 2021 को आबकारी निरीक्षक संतोष चंद्र व एसओजी यमुनापार की टीम ने पहाड़ी तिराहा पर स्थित देशी शराब की दुकान पर छापा मारा था, जहां से भारी मात्रा में मिलावटी शराब बरामद हुई थी। इसके अलावा 1.19 लाख रुपये नगद भी मिले थे। इस मामले में मौके से अभियुक्त संतोष कुमार साहू पुत्र रामशरण (कैमा, मदरो, जवा, रींवा) को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जबकि अभियुक्त नीरज कुमार जायसवाल निवासी हज्जी टोला, शंकरगढ़ (मूल पता नौढि़या उपरहार, शंकरगढ़) फरार चल रहा था।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई ऋतुराज सिंह और कांस्टेबल सागर देवलिया ने नीरज को धर दबोचा। एसओ ने बताया कि इसके अलावा दरोगा धरिकार, राजेश बंसल (निवासीगण सुरवल साहनी, शंकरगढ़) और दिलीप बंसल (वार्ड सात, मोदीनगर, शंकरगढ़) को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ शांतिभंग की कार्यवाही की गई है।इसी तरह शंकरगढ़ पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के नामजद दो आरोपी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पति श्रीश्याम पुत्र केदारनाथ और सास (निवासीगण , मऊ, चित्रकूट) शामिल हैं। इस मामले में तीन अभियुक्त अभी फरार चल रहे हैं। इनकी गिरफ्तारी शिवराजपुर चौराहे से की गई है। गौरतलब है कि शनिवार को शंकरगढ़ कस्बा निवासी प्रभा देवी पतनी ओमप्रकाश ने तहरीर देकर बताया था कि उनकी बेटी कीर्ति उर्फ माया की शादी श्रीश्याम के साथ बीते वर्ष जून माह में हुई थी।

## विद्युत व्यवस्था हुई बेपटरी आम जनजीवन अस्त-व्यस्त

### ट्वीट कर पावर कारपोरेशन लखनऊ, पूर्वांचल विद्युत वितरण वाराणसी ने लिया संज्ञान

### मंत्री, सांसद,पावर कारपोरेशन, जिलाधिकारी को अवगत कराया

### अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही को निर्देशित किया

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/प्रयागराज।** यमुनापार के गौरा पावर हाउस केन्द्र के अंतर्गत नारीबारी सहित सैकड़ों गांवों में उमसभरी गर्मी से वेपटरी हुई विद्युत व्यवस्था से आजिज आकर आमनागरिकों को चरमराई विद्युत सप्लाई से निजात दिलाने हेतू भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री कांत शर्मा, सांसद प्रयागराज प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ के साथ जिलाधिकारी प्रयागराज को चरमराई विधुत व्यवस्था, रोस्टिंग के नाम पर मनमानी कटौती,लो बोल्टेज,आए दिन फाल्ट और फ्यूज के बहाने से विधुत कटौती घंटों-घंटो तक सप्लाई वाधित होने से आम जनमानस मे फैले आक्रोश को अपने ट्विटर अकाउंट के माध्यम से अवगत कराया।

तो तत्काल उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ ने समस्या को संज्ञान में लेते हुए आफिसियल ट्वीटर अकाउंट द्वारा ट्वीट कर बताया कि आपकी शिकायत का संज्ञान लेते हुए स्थानीय अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही को निर्देशित किया गया। वही पूर्वांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी ने भी समस्या समाधान हेतू ट्वीट कर मोबाइल नम्बर मांगकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। अब देखना यह है कि आम नागरिकों की समस्या को विधुत विभाग कब तक कितना दूर कर पाता है, कि केवल मात्र आश्वासन से ही संतोष करना पड़ेगा।

यह तो आने वाला वक्त बताएगा। लेकिन इस समय अघोषित बिजली कटौती,लो बोल्टेज,आए दिन फाल्ट से आम नागरिक कराहते हुए प्रशासनिक विफलताओं पर शासन को कोसते दिखाई दे रहे है। यह अधिकारियों की शासन को बदनाम करने की मंशा है या भारी लापरवाही है जो उमस भरी गर्मी मे जनता जनार्दन को रात-रात भर मच्छरों के प्रकोप से ग्रामीण महिला पुरूष बच्चे जागकर गर्मी से वेहाल विजली ना होने पर विताते रात टहलकर व्यतीत करते विधुत अव्यवस्था पर रोते फिरते हैं। जिसके कारण आम नागरिकों को जलनिगम से पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पाता वही किसान भी पानी के अभाव में कराहता दिखाई दे रहा है।

# चतुर्मासः तीन महीने 26 दिन शयन में रहेंगे भगवान विष्णु, 20 जुलाई से बंद हो जाएंगे मांगलिक कार्य

## बीते छह साल के मुकाबले इस वर्ष तीन दिन कम सोएंगे भगवान विष्णु

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़/प्रयागराज।** इस बार 20 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू हो रहे हैं। चातुर्मास के साथ ही सभी तरह के मांगलिक कार्य चार महीने के लिए बंद हो जाएंगे। चातुर्मास को देवताओं का शयन काल माना जाता है। इस काल में भगवान श्री हरि योग निद्रा में विश्राम करते हैं। इस बार खास बात यह है कि भगवान विष्णु बीते छह साल में तीन दिन कम सोएंगे।जनपद के पंडित त्रियुगीकांत मिश्र ने बताया कि वर्ष के आरंभ में ही देवगुरु वृहस्पति और शुक्र के अस्त होने के कारण पहले ही विवाह जैसे मांगलिक संस्कार के लिए कम मुहूर्त थे। मार्च में कुछ विवाह हुए और नौ अप्रैल से दोबारा लॉकडाउन लग गया। जून में थोड़ी ढील मिली, तो अब आगे चतुर्मास का रोड़ा खड़ा हो गया। उन्होंने बताया कि चतुर्मास के बाद नवंबर में चार और दिसंबर में शादी-विवाह के महज 13 मुहूर्त ही बचेंगे। चातुर्मास से शहनाई, बैंड, बाजा, बारात पर ब्रेक लगने जा रहा है। हिन्दू धर्मशास्त्रों में चातुर्मास के दौरान मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं।त्रियुगीकांत मिश्र के अनुसार, इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में विश्राम करते हैं। इस बार यह समयावधि चंद्रमा की तेज गति से तिथियों का क्षय होने से पूरे चार महीने नहीं है। इस बार तीन दिन की कमी रहेगी। अर्थात् भगवान विष्णु तीन दिन कम सोएंगे। यह संयोग छह साल बाद पड़ा है।

पंडित विकास द्विवेदी ने बताया कि भगवान के शयन काल में शुभ कार्य नहीं होते। अब 18 जुलाई के बाद नवंबर में ही शादियां होगी। देवउठनी एकादशी के बाद पहला मुहूर्त 20 नवंबर को होगा। जनवरी-फरवरी 2022 में क्रमशः शुक्र और गुरु अस्त हो जाएंगे। इसके चलते वर्ष 2022 के शुरुआती महीने में केवल छह मुहूर्त ही विवाह के मिलेंगे। ऐसे में जनेऊ, मुंडन संस्कार, विवाह आदि नहीं होंगे, लेकिन खरीदारी कर सकेंगे। चतुर्मास में शादी के अलावा



जनेऊ, मुंडन संस्कार, गृह प्रवेश, नए कार्य की शुरुआत समेत सभी शुभ कार्य प्रतिबंधित हो जाएंगे, लेकिन खरीदारी बिक्री पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

**क्या है योग निद्रा माया**

ब्रह्मावैवर्त पुराण के अनुसार एक बार योग निद्रा ने बड़ी कठिन तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसनन्‍ किया। उनसे प्रार्थना की कि भगवान आप मुझे अपने अंगों में स्थान दें, लेकिन श्री हरि ने देखा कि उनका अपना शरीर तो लक्ष्मी के द्वारा अधिकृत है। इस तरह का विचार कर विष्णु ने अपने नेत्रों में योग निद्रा को स्थान दे दिया और योग निद्रा को आश्वासन देते हुए कहा कि तुम वर्ष में 4 माह के लिए मेरे नेत्रों में आश्रित रहोगी।

**चतुर्मास का वैज्ञानिक महत्व**

चतुर्मास का धार्मिक ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है। वैज्ञानिक नजरिए से देखें तो इन दिनों में बारिश होने से हवा में नमी बढ़ जाती है। इस कारण वैक्टीरिया और कीड़े, मकोड़े ज्यादा हो जाते हैं। उनकी वजह से संक्रमण रोग अधिक तथा अन्य बीमारियां होने लगती है। इनसे बचने के लिए खानपान में सावधानी रखने के साथ संतुलित जीवन शैली अपनानी चाहिए। इन चार माह को व्रतों का माह इसलिए कहा गया है, क्योंकि इस दौरान हमारी पाचनशक्ति कमजोर पड़ती है, वहीं भोजन और जल में बैक्टीरिया की तादाद भी बढ़ जाती है। इनमें भी प्रथम माह तो सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इस संपूर्ण माह व्यक्ति को जहां तक हो सके व्रत का पालन करना चाहिए।

**चतुर्मास में क्या करना चाहिए**

पंडित त्रियुगी कांत मिश्र के मुताबिक देवताओं के पूजन, मंत्र, सिद्धि और मनोवांछित कामना की पूर्ति के लिए अद्वितीय अवसर चतुर्मास को माना गया है। इस दौरान अर्गला स्त्रोत का पाठ करने से विवाह में आ रही बाधा दूर होती है। रोग मुक्ति के लिए सावन मास में रुद्राभिषेक करने से रोग दूर होते हैं। गुरुवार को विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से धन की बढ़ोतरी होती है। इस दौरान दूध, शक्कर, दही, तेल, बैंगन, पत्तेदार सब्जियां, नमकीन या मसालेदार भोजन, मिठाई, सुपारी, मांस और मदिरा का सेवन नहीं किया जाता। श्रावण में पत्तेदार सब्जियां यथा पालक, साग इत्यादि, भाद्रपद में दही, आश्विन में दूध, कार्तिक में प्याज, लहसुन और उड़द की दाल आदि का त्याग कर दिया जाता है।

# कोरांव इलाके के दुकानदार की बाइक चोरो ने किया पार, तहरीर

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरांव क्षेत्र में आये दिन चोरो द्वारा चोरी की घटनाएं घटती रहती है और पुलिस हाथ में हाथ रखकर बैठी है ।एक माह के अन्दर कई चोरियां हुई जिसका खुलासा इलाकाई पुलिस द्वारा खुलासा न होने से क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है।और चोरो का मनोबल बढ़ता हुआ दिखाई देता है।किन्तु पुलिस नाकाम साबित होती दिख रही है।ऐसा मामला कोरांव थाना क्षेत्र के रत्योरा मोड़ बाजार में दुकानदार संतोष कुमार सिंह पुत्र स्वर्गी सत्यनारायण निवासी टीकर मर्यादपुर ने रत्योरा बाजार में पान जनरल स्टोर की दुकान है।दुकानदार द्वारा रोज की तरह अपनी हीरो स्पेल्डर बाइक बगल में खड़ी कर अपनी दुकान चला रहा था।बीती रात सोमवार को लगभग8बजे जब दुकान बन्द किया तो देखा कि दुकान के बगल खड़ी बाइक नही दिखी। तो दुकानदार का होश उड़ गया ।बाइक मालिक के कोशिश बहुत किया।चोरी हुई बाइक न मिलने पर स्थानीय थाना प्रभारी को तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।गाड़ी नम्बर ल्ज् 70म्ह0834

**कोरांव क्षेत्र में आये दिन होती है चोरी नही होता खुलासा**

है।क्षेत्र में चोरो का हौसला इतना बुलन्द है कि आये दिन चोरी की घटनाएं घटती रहती हैं और पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी ।लोगों का आरोप है कि एक माह के अन्दर कई चोरियां हुई जो कि पुलिस चोरो के आगे नाकाम साबित हो रही हैं।

### चोरो ने घर मे घुसकर नगदी व मोबाइल समेत हजारो का सामना उड़ाया

**जारी/प्रयागराज।** कौंधियारा थाना के अंतर्गत शनिवार की बीती रात जारी बाजार गडैया निवासी शुशील कुमार केशरवानी पुत्र हरिश्चंद्र केसरवानी के घर के सामने के दरवाजे से घुसकर चोरो ने ऊपर के कमरे रखा 15000 का एंडरायड मोबाइल व पैंट में रखा 10000 नगदी उड़ा ले गए जब सुबह परिजनो की नींद खुली तो मोबाइल व पैसा कमरे से गायब था चोरी की घटना सुनते ही लोगो की भीड़ जुट गई भुक्तभोगी ने थाने में तहरीर दी है।



# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट कई चोटहिल

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** थाना अंतर्गत ग्राम सभा धमौर में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई।जिसमें फूलकली पतने मिठाई लाल उम्र लगभग 60 वर्ष रागिनी पुत्री मिठाई लाल उम्र लगभग 21 वर्ष गुडि़या पुत्री मिठाई लाल उम्र लगभग 25 वर्ष को पड़ोस के मोहम्मद असलम पुत्र लाल मोहम्मद व मोहम्मद अख्तर पुत्र मोहम्मद असलम व मोहम्मद असलम के दमाद मोहम्मद सगीर के अलावा अन्य कई लोगों ने एक राय होकर मारपीट दिया।जिसमें फूलकली रागिनी गुडि़या को चोटे आयी वही मिठाई लाल का कहना है।कि मेरा मकान 60 वर्ष पुराना बना हुआ है। जिसमें हम और हमारा परिवार रहकर अपना जीवन यापन करते हैं।लेकिन गांव के दबंग लोगों द्वारा जबरन उस मकान को खाली करने के लिए कहा जा रहा है।जिस संबंध में इन लोगों ने गाली गुप्ता देते हुए मारपीट किया। जिसमें हमारे घर वालों को चोटे आई वही फूलकली ने बहरिया थाने में लिखित तहरीर दी वही थाना प्रभारी जय प्रकाश शर्मा का कहना है।कि मेडिकल के लिए सीएचसी मैलहा भेज दिया गया है।मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर उक्त कार्रवाई की जाएगी।

**सपाईयों ने किया समाजवादी चिंतन सभा का आयोजन**

# हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलना ही समाजवाद है : गामा पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**कोरांव/प्रयागराज।** सपाइयों ने नगर पंचायत कोरांव अंतर्गत रोशनी गार्डन में समाजवादी चिंतन शिविर का आयोजन किया। जिसमें सपाइयों ने 2022 मिशन को कैसे सफल बनाया जाए इस पर गहनता से विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गिरीश चंद् उर्फ गामा पांडे पूर्व विधायक मेजा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर गांव गांव जाकर जनता से सपा सरकार की उपलब्धियां बताने और वर्तमान सरकार की नाकामियों उजागर कर आगामी 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को भारी मतों से चुनाव जिताना है। और कहा कि अपने नेता अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रामानुज यादव नवनिर्वाचित प्रधान संघ अध्यक्ष ने कहा कि जब तक पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं



को ग्रामीण स्तर तक जन जन तक नहीं पहुंचाया जाएगा तब तक मिशन 2022 का राह आसान नहीं होगा आज समूचा प्रदेश समाजवादी पार्टी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है यदि कार्यकर्ताओं ने इसी तरह लगन और जतन के साथ लगे रहेंगे तो निश्चित ही सूबे में समाजवादियों की सरकार बनने से कोई रोक नहीं पाएगा।

शिविर का आयोजन सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य एवं विधानसभा प्रभारी कोरांव समाजवादी पार्टी ने किया और आए हुए सभी नेताओ कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।संचालन सपा नेता प्रमोद मिश्रा पयासी ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रामदेव निडर किताब अली ओमप्रकाश केसरी ओझा यादव गायत्री प्रसाद तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख अवध नारायण सिंह पटेल ओम सहाय मेहताब खान राजेश पांडे दिनेश पटेल पवन सोनकर शहादत अली नौशाद अंसारी मासूक अली विजय केसरी हरिप्रसाद पाल अजीत पटेल यदुवीर पटेल कोमल चंद यादव यादवेंद्र अहीर पुष्कर यादव हारून अंसारी इसराइल अली लवलेश पाण्डेय आलोक शुक्ला आदि समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# बहरिया वन विभाग के दरोगा द्वारा कटवा दिया गया कई लाख रुपये का कीमती हरा इमारतीय (सागवान) का पेड़

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** विकास खण्ड के तेजपुर गांव में मोहम्मद जम्मा के बाग मे लगा लगभग कई लाख रूपये की कीमत के इमारतीय (सागवन) प्रतिबंधित हरा पेड़ की कटान वन माफियाओं द्वारा करवा दिया गया।बताया जाता है। कि कहली गांव के एक मुखबिर ने इसकी सूचना वन अधिकारियों को दे दी।इतनी लम्बे प्रतिबंधित पेड़ो की कटान की सूचना जैसे ही डीएफओ प्रयागराज रमेशचंद्र को हुई।उन्होंने तत्काल वन अधिकारियों को भेजकर कार्यवाही करवाया।लोगों का कहना है।कि जब से रमेशचंद्र डीएफओ की कुर्सी सँभाली है।तब से वन माफियाओं और भ्रष्टाचार में लिप्त वन कमिर्यों के होश उड़े गए है।लेकिन फूलपुर रेंजर और बहरिया वन दरोगा के ऊपर कोई असर ही नहीं दिखाई पड़ रहा है।बहरिया क्षेत्र में लगातार हरे पेड़ जैसे फलदार,इमारतीय, एवं औषधीय पेड़ो की हर रोज कटान लकड़ कट्टों द्वारा बहरिया वन दरोगा द्वारा कटवाया जा रहा है।स्थानीय लोगों ने कहा कि लगता है। डीएफओ रमेशचंद्र का ध्यान बहरिया की तरफ नहीं हो रहा है।अगर ध्यान हो जाये तो बहरिया में कटान पर पाबंदियां लग जाये।और हरे पेड़ों का कटान बंद हो जाए और पर्यावरण प्रदूषण में कमी ना आए।

# किसान औषधीय पौधों की खेती कर आत्म निर्भर बनें : अंशू मिश्रा

**कबरा में आयोजित किसान गोष्ठी मे औषधियों के पौधों की खेती किए जाने व उससे चार गुना आय बढाने की कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को विस्तृत जानकारी दी**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** रविवार को शेष दुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेडठ के अन्तर्गत गांव कबरा, , तहसील करछना प्रयागराज में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कम्पनी के डायरेक्टर्स सर्व श्री अंशू मिश्रा, संदीप मिश्रा, अनुराग मिश्रा, आशीष तिवारी, आकाश पांडेय व कम्पनी के फाऊंडर श्री आर पी पांडेय ने औषधीय पौधा अकरकरा की खेती करने के लिए किसानों को संबोधित किया। किसानों को संबोधित करते हुए श्री अंशू मिश्रा ने औषधीय पौधों की खेती करने से किसानों परम्परागत खेती की



तुलना में चार गुना अधिक लाभ होने की बात पर प्रकाश डाला, व औषधीय खेती करने से ना केवल चार गुना ज्यादा मुनाफा होगा बल्कि यूरिया, डीएपीवी कीटनाशक के प्रयोग को बंद करने से बंजर हो रही मिट्टी की उपजाऊ छमता बढ़ेगी। इसी क्रम में डायरेक्टर(सेल्स) संदीप मिश्रा व श्री अनुराग मिश्रा ने किसानों को बताया कि कम्पनी के माध्यम से किसानों का समूह बनाकर अब हम व्यापार करेंगे और अपने उत्पाद को सीधा दवा निर्माताडायरेक्टर सर्व श्री अनुराग मिश्रा, श्री आशीष तिवारी व आकाश पांडेय ने किसानों को औषधीय खेती करने के लिए और सरकारी लाभ लेने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।कम्पनी के रजिस्टर्ड सदस्यों में सर्व श्री सच्चिदानंद मिश्रा, राजू मिश्रा, ने भी औषधीय पौधों की खेती करने से होने वाले लाभ को बताया। किसान गोष्ठी में शामिल सर्व श्री महेन्द्र नारायण तिवारी, चन्द्र प्रकाश तिवारी, शिव प्रकाश तिवारी, लवकुश द्विवेदी, शैलेन्द्र शुक्ला, दीपू सिंह, राधे केशेरवानी,पूर्व प्रधान लवकुश मौर्या, युवराज, प्रबल तिवारी, धर्मेश तिवारी, राजेश आदिवासी, संजय निषाद,चन्द्र कान्त तिवारी, आनन्द तिवारी, स्वतंत्र तिवारी, राम कैलाश मौर्या, लक्ष्मी नारायण निषाद, मनोज यादव, राजकुमार आदिवासी आदि उपस्थित रहे।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

# ट्रक और टेलर के टक्कर में बाल बाल बचे दोनों ड्राइवर

**ट्रक और ट्रेलर बुरी तरीके से छतिग्रस्त हो गई**



अखंड भारत संदेश

**थरवई।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनकट गांव के समीप समय लगभग सुबह करीब 7.00 बजे ट्रक और टेलर के बीच जोरदार टक्कर होने से क्षतिग्रस्त हो गई जिससे राष्ट्रीय राज्य मार्ग माधव नगर से लेकर देवरिया पेट्रोल पंप तक लगभग 5 किलोमीटर तक दोनों तरफ गाडि़यों की लाइन लग गई। जिससे सवारियों को आने जाने रुकावट पैदा हो गई। लेकिन मौके पर पहुंची डायल 112 थरवई पुलिस तथा सोरांव प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए दोनों ड्राइवर को एडमिट कराया। वहीं पर क्रेन के माध्यम से लगभग 2 से 3 घंटे के बीच बड़ी मशक्कत के साथ टेलर रोड ट्रक को राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाकर एक तरफ किया गया। उसके कुछ पल बाद आवागमन को चालू किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक खिदिरपुर गांव के समीप मिट्टी डालकर राष्ट्रीय राजमार्ग को किसी कारण बस रोक दिया गया है। जोकि बीच में अंतराल होने के कारण बनारस से कानपुर जाने वाली सड़क अंतराल से ही टर्न होकर बस एवं ट्रेलर जा रही हैं। लेकिन सुबह 7:00 बजे जैसे ही टेलर अंतराल के बीच में उस पटरी पर जाने की कोशिश किया वैसे ही बारिश के कारण टायर फिसलने से ट्रक में जा टकराई जिससे दोनों तरफ के ड्राइवर को मामूली चोट खाकर बाल बाल बचे।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की दर्द नाक मौत

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा क्षेत्र थाना मेजा क्षेत्र के अन्तर्गरत पहाड़पुर निबैया गांव में खेत की जुताई करने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर तालाब में पलट गया जिससे चालक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रामाज्ञा प्रसाद उर्फ मेही लाल पटेल (35) पुत्र हीरामणि पटेल निवासी ग्रामपंचायत पहाड़पुर निबैया रविवार दोपहर खेत की जुताई करने जा रहा था गांव के बाहर तालाब के भीटे पर पहुंचा था जहां बारिश की वजह से ट्रैक्टर फिसिल कर अनियंत्रित हो गया और तालाब में जा गिरा जिसकी चपेट में आने से चालक रामाज्ञा प्रसाद गंभीर रूप से जख्मी हो गया आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# तीसरी लहर की आशंका के बीच जिले में मिले दो कोरोना पॉजिटिव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच रविवार को संक्रमण से बड़ी राहत मिलती दिखी। जिले में 139 दिन बाद सिर्फ दो कोरोना पॉजिटिव चिह्नित किए गए। वहीं इस महीने में दस दिन बाद उपचार के बाद एक कोरोना संक्रमित की मौत हो गई। वह एचआईवी संक्रमित भी था। इससे पहले 11 जुलाई को एक संक्रमित की मौत हुई थी। अब तक जिले में कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 1063 हो गई है।जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. एके तिवारी ने बताया कि रविवार को 5759 लोगों की कोरोना जांच की गई। सिर्फ दो लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई। दोनों लोगों में फ्लू के सामान्य लक्षण हैं। वहीं एक संक्रमित की मौत हुई है। 35 वर्षीय पॉजिटिव मरीज एचआईवी पीडि़त था। करीब दस दिन पहले कोरोना संक्रमण के बाद एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। एसीएमओ डॉ. एके तिवारी के मुताबिक जिले में नौ लोगों ने कोरोना को मात दी है। इनमें एक को कोविड अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। आठ लोगों ने होम आइसोलेशन पूरा किया। उन्होंने बताया कि एक मार्च को तीन कोरोना संक्रमित पाए गए थे। करीब साढ़े चार महीने बाद दो संक्रमितों का पाया जाना राहत देने वाला है।

### एसआरएन अस्पताल में भर्ती हैं पांच संक्रमित

एलथ्री कोविड अस्पताल एसआरएन में रविवार को सिर्फ पांच कोरोना संक्रमित भर्ती हैं। सह प्रभारी कोरोना डॉ. सुजीत वर्मा के मुताबिक सभी मरीज कोविड के साथ अन्य गंभीर बीमारियों से पीडि़त हैं। उनके स्वास्थ्य और उपचार में डॉक्टरों की टीम लगी है। उन्होंने बताया कि रविवार को हुई युवक की मौत का कारण मल्टी आर्गन फेल्योर रहा।

# लिव इन रिलेशन में रहने पर नौकरी से बर्खास्तगी गलत : हाईकोर्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शादी होते हुए दूसरी महिला के साथ लिव इन रिलेशन में रहने वाले सरकारी कर्मचारी की सेवा से बर्खास्तगी को गलत करार दिया है। कोर्ट ने माना कि सेवा से बर्खास्तगी एक कठोर दंड है। बर्खास्तगी को रद्द करते हुए कोर्ट ने कहा है कि याची को सेवा में फिर से बहाल किया जाए और विभाग चाहे तो दूसरा कोई मामूली दंड दे सकता है। गोरेलाल वर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने यह आदेश दिया है। याचिका में कहा गया कि गोरेलाल का विवाह लक्ष्मीदेवी से हुआ है जो कि जीवित है, मगर वह हेमलता वर्मा के साथ लिव इन रिलेशन में रहता है और दोनों को तीन बच्चे भी हैं। इस आधार पर 31 अगस्त 2020 को उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इस आदेश



के खिलाफ उसने विभागीय अपील दाखिल की । अपील भी खारिज कर दी गई। विभाग का मानना है कि उसका यह कार्य सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 और हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है।याची के अधिवक्ता की दलील थी कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनीता यादव बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के केस में इस प्रकार के मामले में बर्खास्ती का आदेश रद्द कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट ने एसएलपी खारिज कर दी थी। याची भी इसका लाभ पाने का हकदार है। कोर्ट ने याची की दलील को स्वीकार करते हुए याची की बर्खास्तगी का आदेश रद्द करते हुए उसे सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया है। मगर कोर्ट ने कहा है कि याची बर्खास्तगी अवधि का वेतन पाने का हकदार नहीं होगा।

# नाला बंद होने से सिनेमा रोड पर भरा वर्षा का पानी



## जेसीबी व मशीन से नाला खुला तब जलभराव हुआ खत्म

**प्रतापगढ़।** रविवार को छुट्टी का दिन था। जब लोग सुबह सोकर उठे तो पूरे शहर में वर्षा हो रही थी। घंटे भर बाद नगर के सिनेमा रोड पर पानी भर गया। शिव मंदिर से प्रयाजराज-अयोध्या मार्ग तक पानी भरा था।

पानी तेज बरस रहा था। जब लोगों के घरों में पानी जाने लगा तो नगर पालिका को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही जेसीबी और छोटी नाला क्लीनिंग मशीन चैक में लगा दी गई और आधे घंटे में सिनेमा रोड का पानी खाली हो गया। इस बारे में पूछने पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एक नये नाले का निर्माण कराने के लिये चैक के आधे नाला बांधा गया था जिसकी वजह से वर्षा का पानी रुक रहा था और सिनेमा रोड पर जलभराव हो गया था। उन्होंने कहा कि बंधे को खोल दिया गया और पानी का बहाव मिलते ही सिनेमा रोड का जलभराव खत्म हो गया।

उन्होंने यह भी कहा कि शहर में इसके अलावा जलभराव की शिकायत कहीं नहीं मिली। सफाई निरीक्षक ने कहा कि अध्यक्ष प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह द्वारा नाले-नालियों की नियमित सफाई के आदेश के तहत शहर के अधिकांश नाले-नाली साफ किये गये हैं और नियमित सफाई के कारण ही शहर में कहीं पानी का जमाव नहीं हुआ।



## मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में भरा पानी

प्रतापगढ़। आज सुबह वर्षा होने से राजकीय मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला अस्पताल में पानी भर गया था जिससे मरीजों व आने-जाने वालों को असुविधा हुई। बता दें कि मेडिकल कालेज से सम्बद्ध होने के बाद भी जिला अस्पताल में जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इस समस्या पर ध्यान देना होगा क्योंकि पानी के जमाव से संक्रामक रोग फैलने की आशंका रहती है और जब अस्पताल में यह हाल होगा तो अन्य स्थानों पर कैसे ध्यान दिया जाएगा।

## सुबह से दोपहर तक बरसा पानी, किसान खुश

प्रतापगढ़। रविवार की सुबह पांच बजे से वर्षा शुरु हुई तो दोपहर बारह बजे के बाद पानी रुका। जिले में सुबह हुई लगातार वर्षा का पानी 61 मिमी रिकार्ड किया गया। तापमान में भी गिरावट आई है। दो दिन पहले प्रतापगढ़ का अधिकतम तापमान 38 डिग्री था जो आज 8 डिग्री सेंटीग्रेड घट गया है। आज अधिकतम तापमान 30 डिग्री तथा न्यूनतम 25.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। रविवार की वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। अब वह अपने धान की रोपाई करने में जुट गया है। बता दें कि आधी जुलाई तक वर्षा न होने से किसानों में हाहाकार मचा था। बेहनें सूख रही थी और रोपाई हो नहीं पा रही थी। पिछले 25 जून के बाद जिले में 17 जुलाई को वर्षा हुई।



# कांवड़ स्थगित होने की धर्माचार्यों को एसपी ने दी जानकारी

## पुलिस लाइन सभागार में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा आगामी त्योहारों कांवड़ यात्रा, बकरीद को दृष्टिगत रखते हुए पीस कमेटी की गोष्ठी रविवार को पुलिस लाइन प्रतापगढ़ के सभागार स्थल पर आयोजित की गयी।

इस गोष्ठी में स्थगित की गयी कांवड़ यात्रा के सम्बन्ध में सभी को अवगत कराया गया। इसके साथ कोविड-19 महामारी (तीसरी लहर) की रोकथाम के संदर्भ में शासन द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के बारे में बताया गया। साथ ही सभी धर्मों के लोगों से कोरोना प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए आपसी समन्वय-सहयोग, सौहार्द व शांति के साथ आगामी त्योहारों को सकुशल सम्पनन्‍ कराये जाने की अपील की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर दस्तक दे रही है। इसकी रोकथाम के सम्बन्ध में शासन ने दिशा निर्देश जारी किया है। इसमें हम सभी का कर्तव्य है कि इस कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिये कदम उठाएं। कोरोना प्रोटोकाल का ध्यान रखना हम सबके लिये जरुरी है। इससे आपसी सहयोग बढे़गा। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहार को कोरोना नियमों के तहत सकुशल सम्पनन्‍ कराएं। उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा पर सरकार ने रोक लगा दी है इसलिये पूजन, हवन सब घरों में करें, सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ का हिस्सा न बनें।

## कार ने साइकिल सवार युवती को मारी टक्कर, घायल

**प्रतापगढ़।** एक अनियंत्रित कार ने साइकिल सवार युवती को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। इलाज के लिये उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साइकिल सवार युवती सुबह डेरी पर दूध लेने जा रही थी। जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली क्षेत्र के भुपियामऊ चैकी अंतर्गत प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग पर धारूपुर के बाद एक अनियंत्रित कार ने डेरी से दूध लेने जा रही साइकिल सवार युवती काजल गुप्ता (22) निवासिनी राजगढ़ को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर से घायल हो गई। इस दौरान साइकिल में टक्कर मारने वाला कार चालकर भागने लगा तो ग्रामीणों ने कार चालक को दबोच लिया। इस दौरान युवती को ग्रामीणों ने आनन-फानन में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

## फर्जी लाइसेंस व असलहा संग युवक गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** शिकायत पर पुलिस ने छापेमारी कर युवक के घर से फर्जी शस्त्र लाइसेंस पर अवैध असलहा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।



महेशगंज थानाक्षेत्र के महमदपुर चारपूरा गांव के एक व्यक्ति ने डीएम के यहां फर्जी शस्त्र लाइसेंस पर असलहा रखने की शिकायत की थी। डीएम के निर्देश पर शनिवार रात एसओ आशुतोष त्रिपाठी ने गांव के मुर्तजा पुत्र खलील के घर छापेमारी की। तलाशी में उसके कब्जे से एक रिपीटर, 12 बोर के 10 कारतूस व एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किया। पूछताछ के दौरान मुर्तजा ने पुलिस को बताया कि उसे यह लाइसेंस पुरमई सुल्तानपुर गांव के एक व्यक्ति ने बनवाकर दिया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेजों से फर्जी लाइसेंस बनवाने और अवैध शस्त्र रखने की रिपोर्ट दर्ज की है। पकड़े गए मुर्तजा को न्यायिक हिरासत में भेजा है।

## दो पक्षों में मारपीट, चाकूबाजी

**प्रतापगढ़।** मेंथा ऑयल को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट के साथ चाकू भी चले। एक युवक को चाकू लगा। बाकी लोग मारपीट में घायल हुए। परिजनों ने घायलों को सीएचसी लाकर इलाज कराया और एक-दूसरे के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के पीरा नगर गांव निवासी रामेन्द्र कुमार (35) और आस्था (15) पुत्री दिनेश कुमार के बीच मेंथा ऑयल को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की दोनों पक्षों मे मारपीट शुरू हो गई। एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से रामेंद्र जख्मी हो गया। मारपीट के दौरान एक पक्ष से रामेन्द्र कुमार तथा दूसरे पक्ष से दिनेश कुमार (42), उसकी पतनी अनीता देवी (38), बेटी आस्था (15), अंजली कुमारी (13), आभाष कुमार (16) गंभीर घायल हो गए। परिजन सभी घायलों को सीएचसी लाकर इलाज को भर्ती कराया।

# कार्यकर्ता ही संगठन के होते है मेरुरज्जु : श्यामजी

## भाजपा के बूथ कार्यकर्ता सम्मान समारोह सम्पन्न

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के अंतू मंडल के सभी बूथ कार्यकर्ताओ का सम्मान समारोह रविवार को अंतू के किशुनगंज के कौशल्या मैरेज हाल में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के काशी प्रान्त के व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्यामजी जायसवाल ने शिरकत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र व विशिष्ट अतिथि श्यामजी जायसवाल का सभी कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के अंतू मडल के अध्यक्ष राम विलास उमर वैश्य ने अतिथियों का अभिवादन किया। इसके बाद जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र व विशिष्ट अतिथि द्वारा मंडल के सभी अध्यक्षो, मंत्रियों व कार्यकर्ताओं को एक अंगवस्त्रम देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता बनाये रखने को कहा। विशिष्ट अतिथि व्यापार प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्यामजी जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में जिले में व्यापारियों के समस्या के लिए जो एक बदलाव की जरूरत है। एक सशक्त संघठन की जरूरत है। कार्यक्रम का संयोजन अभय सिंह व मुकेश जायसवाल जबकि संचालन राजा राम वैश्य ने किया। इस मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता, सदर मंडल के अध्यक्ष महावीर पाल, नीतीश मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।



## नवनिर्वाचित तारा देवी व देशराज सिंह भाजपा में शामिल

**प्रतापगढ़।** किशुनगंज में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता ने नवनिर्वाचित प्रमुख तारा देवी व नेता देशराज सिंह को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान क्षेत्र के ग्राम प्रधान और कई क्षेत्र पंचायत सदस्य ने भी भाजपा का दामन थामा।



# अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रहेगा बेहतर प्रदर्शनः संजय मिश्रा

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी हुए सम्मानित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रविवार को विधानसभा 249 पट्टी विधानसभा के कांग्रेस के नेता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य और प्रसिद्ध समाजसेवी संजय मिश्रा नव मनोनीत कांग्रेस जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पट्टी लौटने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि आम जनमानस में कांग्रेस की नीतियों से लोग प्रभावित हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों नौजवानों और आम जनमानस की भावनाओं को कुठाराघात करते हुए उनका बहुत ही नुकसान किया है। कांग्रेस की सरकार ने हमेशा आम आदमी के हितों को ध्यान में रखते हुए नीतियां बनाई है और उसे क्रियान्वित किया धीरे-धीरे पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। प्रतापगढ़ पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का गृह जनपद होने के कारण यहां निश्चित रूप से बड़ी सफलता मिलेगी। यही कारण है कि हर क्षेत्र और गांव से लोग धीरे-धीरे कांग्रेस से जुड़ रहे है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी पूरी तैयारी के साथ उतरेगी।

## संजीव पटेल बने समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लोहिया वाहिनी विनोद यादव कुण्डा, जिलाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा संजीव पटेल सराय आनादेव, जिलाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा अमरेन्द्र मौर्या बंसियारा बिहार को नामित किया जाता है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मनीष पाल ने दी।

# सीएचसी व पीएचसी केन्द्रों पर ऑक्सीजन सिलेण्डर व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखें : सीडीओ

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, फाइलेरिया आईडीए अभियान की बैठक सम्पन्न

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी प्रभास कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान, फाइलेरिया आई0डी0ए0 अभियान की बैठक सम्पनन्‍ हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान के सम्बन्ध में शिक्षा विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा माइक्रो प्लान के अनुसार अब तक कराये गये कार्यो की समीक्षा की।

बैठक में पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि 145 शुकर पालकों से सम्पर्क कर सैनेटाइजेशन की कार्यवाही करायी गयी है किन्तु यूनीसेफ के कर्मचारियों द्वारा मानीटरिंग में यह तथ्य गलत पाया गया जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और सचेत करते हुये निर्देशित किया कि 7 दिन में सैनेटाइजेशन कराकर फोटोग्राफ सहित सूची उपलब्ध कराएं।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई एवं जल जमाव को रोकने के कार्यो में प्रगति न होने पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सभी कार्य कराये जाये, किसी भी स्तर पर शिथिलता एवं लापरवाही कदापि न बरती जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने 26 जुलाई तक चल रहे फाइलेरिया अभियान की समीक्षा की और निर्देशित किया कि सभी टीमे घर घर जाकर दवा का वितरण कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कन्सेनटेड्डटर एवं ऑक्सीजन सिलेण्डर की पर्याप्त व्यवस्था एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने का निर्देश दिया और कहा कि इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जो भी अति कुपोषित बच्चे चिन्हित किये जा रहे है, उनका ईलाज जिला अस्पताल के एन0आर0सी0 में कराया जाए। इसी तरह आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा करते हुये विशेष गोल्डेन कार्ड निर्माण की समीक्षा की गयी जिसमें नोडल अधिकारी डा0 सुधाकर सिंह ने बताया कि 223845 गोल्डेन कार्ड निर्गत किये गये है और 31 जुलाई तक गोल्डेन कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। सीडीओ ने विकास खण्डवार आयुष्मान कार्ड निर्गत करने की समीक्षा की और नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि प्रत्येक ब्लाक में 02 टीमें आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कार्य कर रही है फिर भी 15 दिनों में प्रगति अत्यन्त खराब है।

उन्होने सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह स्वयं ब्लाकों में आयोजित होने वाले कैम्पों में प्रतिभाग करें तथा प्रतिदिन शाम को टीम के कार्यो की समीक्षा करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला अस्पताल में पुनः आयुष्मान वार्ड संचालित करने के लिये मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा0 आर्य देश दीपक को निर्देशित किया। बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौपे गये दायित्वों का अक्षरशः निर्वहन करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सी0पी0 शर्मा, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 राजेश कुमार गुप्ता, डब्लूएचओ के जोनल क्वाडिनेटर डा0 राहुल सहित समस्त सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

# सेंध लगाकर नकदी-जेवरात चोरी

**प्रतापगढ़।** घर में नकब लगाकर घुसे चोर नकदी व जेवरात समेत हजारों का सामान चुरा ले गए। पीड़िता ने गांव के युवक पर शक जताते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है। कुंडा के बानेमऊ गांव की सीमा देवी पतनी हेमराज को आवास स्वीकृत हुआ था। इसके 60 हजार रुपये वह बैंक से निकालकर 14 जुलाई को घर ले आई। आरोप है कि 15 जुलाई की रात करीब आठ बजे गांव का ही एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा। आवास स्वीकृत कराने के बदले उससे दस हजार रुपये की मांग की। पैसा देने से इनकार करने पर वह व्यक्ति अंजाम भुगतने की धमकी देकर चला गया था।

रात में चोर नकब लगाकर उसके घर में घुसे। बॉक्स आदि तोड़कर उसमें रखे 60 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात समेत हजारों का सामान समेट लिया। घटना की जानकारी सुबह हुई। टूटी हुई पेटी घर के बाहर मिली। पीड़िता ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी है। दरोगा रमेश कुमार ने मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**प्रतापगढ़।** दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। पीडि़ता ने इस मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी थानाक्षेत्र के बरहूपुर गांव की रेनू वर्मा पुत्री बनारसी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी शादी 2015 में आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के अतरौरा गांव के जितेंद्र वर्मा पुत्र राम आसरे के साथ हुई थी। उसके पिता ने हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया। इसके बावजूद ससुराल के लोग दहेज के लिए उसे आए दिन प्रताडि़त करते रहे। रविवार को ससुरालीजनों ने उसे मारपीट कर घर से भगा दिया।

## सम्पादकीय

# गठबंधन के तकाजे

राज्य में अगला विधानसभा चुनाव 2024 में होना है। अभी मौजूदा सरकार ने आधा कार्यकाल भी पूरा नहीं किया है। फिर भी उसकी तैयारी करना, पार्टी संगठन को सचेत रखना किसी पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी का हिस्सा हो सकता है, लेकिन क्या इसकी बार-बार सार्वजनिक घोषणा करना भी उतना ही जरूरी है महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने अपने ताजा बयान से उपजे विवाद को शांत करने के लिए वही रास्ता अपनाया जो लापरवाही भरे बयान जारी करने वाले नेता अक्सर अपनाते हैं। उन्होंने पूरा दोष मीडिया के मत्थे मढ़ते हुए कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर दिखाया गया और दरअसल उनका इशारा प्रदेश सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार की ओर था। बहरहाल, यह पहला मौका नहीं है जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बयान ने पार्टी और राज्य सरकार को असहज किया है। वे न केवल बार-बार कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर रहे हैं बल्कि सरकार पर परोक्ष रूप से घोटाले का भी आरोप लगा चुके हैं। चुनाव लड़ने की घोषणाओं का तो वे बचाव भी करते रहे हैं। यह सही है कि तीन विपरीत विचारधाराओं वाली पाटिर्यों का यह गठबंधन स्थायी नहीं है। लेकिन प्रदेश में कार्यकाल पूरा करने वाली एक स्थिर सरकार देना तो इस गठबंधन का घोषित मकसद रहा है। राज्य में अगला विधानसभा चुनाव 2024 में होना है। अभी मौजूदा सरकार ने आधा कार्यकाल भी पूरा नहीं किया है। फिर भी उसकी तैयारी करना, पार्टी संगठन को सचेत रखना किसी पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी का हिस्सा हो सकता है, लेकिन क्या इसकी बार-बार सार्वजनिक घोषणा करना भी उतना ही जरूरी है

इरादा हो या न हो, इससे यह संदेश जाता है कि प्रदेश की गठबंधन सरकार में अपनी भागीदारी को लेकर कांग्रेस कहीं न कहीं दुविधा और असमंजस में है। मगर ऐसा संकेत देने वाली कांग्रेस इकलौती पार्टी नहीं है। गठबंधन सरकार की अगुआई कर रही शिवसेना की तरफ से भी उसके प्रवक्ता संजय राउत ऐसे कई बयान दे चुके हैं जिन्हें गठबंधन धर्म के अनुरूप मानना मुश्किल हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि पारंपरिक तौर पर शिवसेना की सोच बीजेपी के करीब रही है। लेकिन इसके बावजूद दोनों इस बार साथ मिलकर सरकार नहीं बना सकीं और शिवसेना ने अपनी राह अलग करते हुए एनसीपी तथा कांग्रेस के साथ सरकार बनाने का अपेक्षाकृत कठिन रास्ता चुना। अब जब यह कांटों भरी राह चुन ली तो इस पर आगे बढ़ने के बजाय बीच-बीच में पुराने रास्ते को याद करके बिसूरते रहना मौजूदा सफर को और कठिन बनाएगा। गठबंधन में शामिल सभी पक्षों को यह याद रखना चाहिए कि फिलहाल उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी राज्य को एक स्थिर और अच्छा शासन मुहैया कराने की है जिसका कि तीनों दलों ने अपने वोटरों से वादा भी किया है। एक बार सरकार अपना कार्यकाल पूरा कर ले तो चुनाव वे जैसे चाहें लड़ें, लेकिन उससे पहले गठबंधन के तकाजों को समझना और उसका पूरी संवेदनशीलता के साथ निर्वाह करना तीनों दलों का लोकतांत्रिक दायित्व भी है। बेहतर होगा कि तीनों दलों का शीर्ष नेतृत्व इसे लेकर थोड़ी और सावधानी बरते।

# व्यापारियों को एमएसएमई के दायरे में लाकर सरकार ने हर किसी का भला कर दिया है

**प्रह्लाद सबनानी**

यह सर्वविदित तथ्य है कि अगर खुदरा एवं थोक व्यापारियों के रूप में देश में एक मजबूत कड़ी उपलब्ध नहीं होगी तो सप्लाई चैन के असफल होने का खतरा खड़ा हो सकता है। यदि सप्लाई चैन मजबूत नहीं रही तो उक्त निर्मित वस्तुओं को बेचेगा कौन केंद्र सरकार ने खुदरा एवं थोक कारोबारियों को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों (एमएसएमई) के दायरे में शामिल कर लिया है। सरकार ने इस निणन्य की घोषणा करते हुए कहा कि खुदरा एवं थोक व्यापारियों को मजबूत करते हुए केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र को आर्थिक विकास के इंजन के रूप में विकसित करने हेतु कटिबद्ध है। एक अनुमान के अनुसार, केंद्र सरकार के उक्त निणन्य से देश के लगभग 8 करोड़ खुदरा एवं थोक व्यापारियों को लाभ होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी खुदरा और थोक व्यापार को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों के दायरे में लाने के निणन्य को 'ऐतिहासिक' कदम बताया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उनकी सरकार खुदरा एवं थोक व्यापारियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

खुदरा एवं थोक व्यापारी सप्लाई चैन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। एमएसएमई एवं अन्य औद्योगिक इकाइन्यों द्वारा निर्मित की जा रही वस्तुओं को खुदरा एवं थोक व्यापारी ही आम जनता को बेचते हैं। अगर खुदरा एवं थोक व्यापारियों के रूप में देश में एक मजबूत कड़ी उपलब्ध नहीं होगी तो सप्लाई चैन के असफल होने का खतरा खड़ा हो सकता है। यदि सप्लाई चैन मजबूत नहीं रही तो उक्त निर्मित वस्तुओं को बेचेगा कौन

केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में की गई उक्त घोषणा के अनुसार खुदरा एवं थोक व्यापारियों को अपने संस्थानों का पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। उद्यम आधार पर इन संस्थानों का पंजीकरण होगा। खुदरा एवं थोक व्यापारियों के संस्थानों के पंजीकरण के पश्चात इन्हें एमएसएमई क्षेत्र को दी जा रही सुविधाओं का लाभ मिलना प्रारम्भ हो जाएगा। इन इकाइन्यों को एमएसएमई क्षेत्र की इकाइन्यां माना जाएगा एवं बैंकों द्वारा इन पंजीकृत संस्थानों को प्रदान किए जाने वाले ऋणों को प्राथमिकता क्षेत्र के ऋणों में माना जाएगा। इससे एक तो खुदरा एवं थोक व्यापारियों को ऋण मिलने में आसानी होगी क्योंकि विभिनन बैंकों के लिए प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण प्रदान करने हेतु केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं, जिन्हें बैंकों को प्राप्त करना आवश्यक होता है। दूसरे, बैंकों को प्राथमिकता क्षेत्र में प्रदान किये जाने वाले ऋणों को तुलनात्मक रूप से कम ब्याज की दर पर प्रदान करना होता है अतः अब खुदरा एवं थोक व्यापारियों को भी सस्ती ब्याज दरों पर ऋणों की प्राप्ति होने लगेगी। एक अनुमान के अनुसार, देश में लगभग 8 करोड़ खुदरा एवं थोक व्यापारी हैं लेकिन पंजीकृत संस्थानों की संख्या मात्र 35 से 37 लाख के बीच में ही है। इस प्रकार अभी इन व्यापारियों के गैर पंजीकृत संस्थानों को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में बहुत कष्ट का सामना करना होता है साथ ही इन्हें ऋण यदि उपलब्ध होता भी है तो यह तुलनात्मक रूप से अधिक ब्याज की दर पर ही उपलब्ध हो पाता है। केंद्र सरकार द्वारा चलायी जा रही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत भी खुदरा एवं थोक व्यापारियों के पंजीकृत संस्थानों को ऋण मिलना प्रारम्भ हो जाएगा।

कोरोना महामारी के प्रथम एवं द्वितीय दौर के दौरान खुदरा एवं थोक व्यापारियों की कमर ही टूट गई थी। क्योंकि, प्रथम दौर में लागू किए गए कठिन लॉकडाउन के चलते तो व्यापारिक संस्थान पूर्णतः बंद कर दिए गए थे। महामारी के प्रथम दौर के बाद खुदरा एवं थोक व्यापारी कुछ सम्हल ही रहे थे कि मार्च 2021 माह में कोरोना महामारी का द्वितीय दौर आ गया था, जिसके कारण इन व्यापारिक संस्थानों द्वारा तरल पूंजी का अभाव महसूस किया जा रहा था। लेकिन अब खुदरा एवं थोक व्यापारियों





के संस्थानों को एमएसएमई का दर्जा मिल जाने के कारण केंद्र सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक एवं विभिनन अन्य बैंकों की ऋण प्रदान करने की विशेष योजनाओं में कम ब्याज की दर पर ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। इससे खुदरा एवं थोक व्यापारियों की वित्त सम्बंधी समस्या का हल तो निकल ही आएगा।

एमएसएमई क्षेत्र, खुदरा एवं थोक व्यापारी वर्ग मिलकर देश में बहुत बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर निर्मित करते हैं। अभी खुदरा एवं थोक व्यापारी वर्ग को कम ब्याज की दर पर ऋण उपलब्ध कराने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। परंतु, आगे चलकर एमएसएमई क्षेत्र को प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं यथा सरकारी क्षेत्र द्वारा उत्पादों को खरीदने में एसएसएमई क्षेत्र को दी जाने वाली प्राथमिकता एवं एमएसएमई क्षेत्र से खरीदी गई वस्तुओं के भुगतान को एक निश्चित समय सीमा के अंतर्गत करना आदि जैसी सुविधाओं का फायदा भी खुदरा एवं थोक व्यापारियों को दिया जाएगा ऐसी उम्मीद की जा रही है।

इसे भी पढ़ेंः मोदी सरकार का पारदर्शी प्रशासन का संकल्प अब भी आधा-अधूरा ही है

भारत में यदि खुदरा एवं थोक व्यापारियों की सप्लाई चैन मजबूत होती है तो यह देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकेगी। एक अनुमान के अनुसार हमारे देश में प्रतिवर्ष खुदरा व्यापार लगभग 115 लाख करोड़ रुपए का रहता है। देश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2023 तक यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाना है तो खुदरा एवं थोक व्यापारियों को मजबूती प्रदान करनी ही होगी। सप्लाई चैन के मजबूत होने से, कोरोना महामारी के दौरान रुकी हुई व्यापार की गति को पुनः तेज किया जा सकेगा एवं न केवल वस्तुओं का उत्पादन करने वाली इकाइन्यों को लाभ होगा बल्कि वस्तुओं के निर्माण में भी तेजी लाई जा सकेगी।

यहां एक बात और स्पष्ट की जानी चाहिए कि खुदरा एवं थोक व्यापारियों को एमएसएमई के दायरे में लाने से वर्तमान में एमएसएमई इकाइन्यों पर ऋण की उपलब्धता की दृष्टि से कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि भारत में वर्तमान में बैंकों के पास पर्याप्त तरलता उपलब्ध है बल्कि बैंक तो ऋण प्रदान करने के लिए लालायित हैं एवं अच्छे ग्राहकों की खोज में लगे हैं। खुदरा और थोक व्यापारियों के रूप में बैंकों को तो नए ग्राहक उपलब्ध होने लगेंगे और देश समावेशी विकास की ओर आगे बढ़ेगा। कारोबारियों को अतिरिक्त तरल पूंजी उपलब्ध होने से इस क्षेत्र में रोजगार के अतिरिक्त नए अवसर निर्मित होने लगेंगे। इस प्रकार तो एक तरह से केंद्र सरकार के उक्त निणन्य से न केवल खुदरा एवं थोक व्यापारियों को बल्कि बैंकों को, आम जनता को, उत्पादकों को, बेरोजगार लोगों आदि को भी सीधे-सीधे ही लाभ होगा।

ऐसा कहा जाता है कि देश के प्रधानमंत्री के मन में छोटे व्यापारियों के लिए एक अलग प्रकार की जगह है। देश की अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा भार खुदरा एवं थोक व्यापारियों के कंधों पर है और यदि इस वर्ग की समस्याओं का समाधान निकाला जाता है तो इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा कदम माना जाना चाहिए। एक अनुमान के अनुसार देश में लगभग 8 करोड़ व्यापारी, लगभग 40 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराते हैं। अपना छोटा-सा व्यवसाय चलाने के लिए व्यापारियों को कई प्रकार के लाइसेन्स लेने पड़ते हैं, व्यापारियों की इस प्रकार की समस्याओं का समाधान भी निकाला जाना चाहिए। देश में हालांकि बहुत पुराने लगभग 2500 से ऊपर कानूनों को समाप्त कर दिया गया है परंतु आज भी कई कानून वर्ष 1947 से पहले के चले आ रहे हैं। ऐसे पुराने कानूनों का रिव्यू करके इन्हें समाप्त किया जाना चाहिए एवं आज के परिप्रेक्ष्य में नए कानून बनाए जाने चाहिए ताकि छोटे-छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय करने में और भी आसानी हो। व्यवसाय के लिए आसान वातावरण प्रदान करने से छोटे-छोटे व्यवसायी अपने आप को देश की मुख्य धारा से जुड़ा महसूस करेंगे एवं देश के आर्थिक विकास में भी अपना योगदान बढ़ा सकेंगे। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली से देश के 8 करोड़ व्यापारियों में से केवल लगभग 1.25 करोड़ व्यापारी ही जुड़ पाए हैं। शेष व्यापारी कुछ परेशानियों की वजह से अभी तक जीएसटी प्रणाली से जुड़ नहीं पा रहे हैं। यदि देश के सभी व्यापारी जीएसटी प्रणाली से जुड़ जाते हैं तो देश के लिए टैक्स कलेक्शन बहुत अधिक बढ़ सकता है। अतः जीएसटी प्रणाली को भी अभी और सरल बनाए जाने की आवश्यकता है।

# इंसानियत के टेस्ट में जब फेल हो गई हजार कारें

**कुसुम अशोक सुराना**

कोविड-19 की दूसरी लहर शुरू होने से पहले की बात है। रात के करीब 10 बजने वाले थे। मैं नैशनल हाइवे-8 पर था। मेरी कार तेज रफ़्तार में भाग रही थी। अचानक कार के पीछे से फट-फट की आवाज आनी शुरू हो गई। कुछ देर तो मुझे समझ ही नहीं आया कि यह आवाज मेरी कार आ रही है लेकिन जब मुझे कार चलाने में दिक्कत महसूस होने लगी तो मैंने हाइवे पर कार को किनारे लगाया और जांच की। मैंने देखा कि कार का पिछला राइट साइड का टायर पूरी तरह से कट चुका है। शायद बीच में कहीं बड़े पंक्चर की वजह से पूरी हवा निकल गई और कुछ देर तक बिना हवा की वजह से कार चलाने पर पिछला टायर कट चुका था। यह देखते ही मैंने माथा पकड़ लिया। इस हाइवे पर टायर चेंज करना और वह भी ट्रैफिक साइड में खुद की मौत को दावत देने से कम नहीं था। गाडियां इस रफ्तार से भाग रही थीं कि पता नहीं कब मुझे या मेरी कार को अपनी रफ़्तार के साथ उड़ा ले जायेंगी।मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा था कि करूं तो क्या करूं। मैंने डिग्गी खोली तो पाया कि स्टेपनी में भी हवा नहीं है। टायर का पंक्चर होना और कटना खराब किस्मत कही जा सकती है लेकिन स्टेपनी में हवा का न होना घोर लापरवाही ही कही जाएगी। एक पल के लिए लगा कि आज बुरी तरह से फंस गए क्योंकि मैं आधे घंटे से भी अधिक समय तक लगातार, वहां से गुजर रही गाडि़यों से मदद मांग रहा था। लेकिन एक भी गाड़ी रुकने को तैयार नहीं थी। दो-चार गाडि़यां कुछ धीमी भी हुई तो बिना कोई रिस्पॉन्स दिए करीब से निकल गईं। यह शहरी विकास की ऊंचाई है, जहां आधे घंटे के अंदर 1000 से भी अधिक गाडि़यां गुजरी होंगी लेकिन एक ने भी यह जानने की कोशिश नहीं कि इस हाइवे पर खड़े इंसान को क्या परेशानी है। मैं इतना ज्यादा हताश हो चुका था कि मुझे पता ही नहीं चला कि कोई मुझे आवाज़ दे रहा है। जब मुझे अपने कंधे पर किसी के हाथ का स्पर्श महसूस हुआ तो मैं चौंक गया। देखा कि लगभग 30-32 साल का एक शख्स मेरे पास खड़ा था। उसकी कार मेरी कार के ठीक आगे। उसने बिना कुछ पूछे कहा, 'परेशान मत होइए, मेरे पास पंप है, हवा डाल देता हूं। यह ट्यूबलेस टायर होगा। इसलिए आप आराम से घर पहुंच जाएंगे।' मैंने बिना किसी तकल्लुफ के ठंडी सास भरते हुए बोला, 'टायर ही कट गया है, स्टेपनी है लेकिन उसमें भी हवा नहीं है। वास्तव में दुनिया भीड़ से नहीं, ऐसे लोगों की हिम्मत और हौसलों से जिंदा है। मैं तो उम्मीद छोड़ चुका था कि कोई नेकदिल इंसान इस हाइवे से गुजर भी रहा है, लेकिन उस शख्स ने पूरी इंसानियत की अकेले लाज रख ली। गजब के आत्मविश्वास से भरा था वह। बीच सड़क पर तुरंत टायर खोलने में जुट गया। तभी हाइवे की ट्रैफिक कंट्रोल टीम ने पहुंचकर ट्रैफिक रोकते हुए हमारी गाड़ी को सड़क के एक किनारे पर ले जाने में मदद की ताकि कोई गाड़ी हमें टक्कर न मार जाए। मुश्किल से 10 मिनट के अंदर उस नौजवान ने स्टेपनी बदलकर उसमें हवा भर दी। कार अपने पहियों पर खड़ी दौड़ने को तैयार थी। उसने बताया कि वह भी कई बार इसी तरह की स्थिति में इसी हाइवे पर फंस चुका है।

# भागवत का उद्बोधन साझा संस्कृति पर बल देता है, इसका विरोध करना ठीक नहीं

**ललित गर्ग**

लबेहद दुखद है कि दुनिया के सबसे बड़े गैर राजनैतिक संगठन के प्रमुख मोहन भागवत जब हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दे रहे हैं, तब कुछ नेता इसके लिए अतिरिक्त कोशिश कर रहे हैं कि हमारा समाज एकजुटता-सद्भावना की ऐसी बातों पर ध्यान न दे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ से जुड़े पूर्वाग्रहों को दूर करते हुए कहा है कि संघ भले हिन्दुओं का संगठन है, लेकिन वह दूसरे धर्म वालों से नफरत नहीं करता। सभी भारतीयों का डीएनए एक है, के कथन को लेकर विभिनन राजनीतिक दलों के आपत्ति एवं असहमति के स्वर राष्ट्रीय एकता की बड़ी बाधा है। अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति का आदर्श रहा है। यहां अनेक धर्म, संप्रदाय, जाति, वर्ण, प्रांत एवं राजनैतिक पाटिन्यां हैं, भिनन्ता और अनेकता होने मात्र से सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय एकता को विघटित नहीं किया जा सकता। निश्चित ही मेवाड़ विश्वविद्यालय में दिया गया मोहन भागवत का उद्बोधन देश की एकता को बल देने का माध्यम बनेगा, देश के सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय परिवेश को एक नया मोड़ देगा। यह एक दिशासूचक बना है, गिरजे पर लगा दिशा-सूचक नहीं, यह तो जिधर की हवा होती है उधर ही घूम जाता है। यह कुतुबनुमा है, जो हर स्थिति में सही दिशा एवं दृष्टि को उजागर करता रहेगा।

विभिनन जाति, धर्म, भाषा, वर्ग के लोगों का एक साथ रहना भारतीय लोकतंत्र का सौन्दर्य है, राजनीतिक स्वार्थी के चलते इस सौन्दर्य को नुकसान पहुंचाना राष्ट्रीय एकता को खंडित करता है। भिनन्ताओं का लोप कर सबको एक कर देना असंभव है। ऐसी एकता में विकास के द्वार भी अवरुद्ध हो जाते हैं। लेकिन अनेकता भी वही कीमती है, जो हमारी मौलिक एवं राष्ट्रीय एकता को किसी प्रकार का खतरा पैदा न करे। जैसे एक वृक्ष की अनेक शाखाओं की भांति एक राष्ट्र के अनेक प्रांत हो सकते हैं, उसमें अनेक जाति एवं धर्म के लोग रह सकते हैं, पर उनका विकास राष्ट्रीयता की जड़ से जुड़कर रहने में है, जब भेद में अभेद को मूल्य देने की बात व्यावहारिक बनेगी, उसी दिन राष्ट्रीय एकता की सम्यक् परिणति होगी और उसी दिन भारत अखंड बनेगा। मोहन भागवत ने कहा कि अगर कोई हिंदू कहता है कि यहां कोई मुसलमान नहीं रहना चाहिए, तो वह व्यक्ति हिंदू नहीं है। गाय एक पवित्र जानवर है लेकिन जो लोग दूसरों को मार रहे हैं वे हिंदुत्व के खिलाफ जा रहे हैं। कानून को बिना किसी पक्षपात के उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। हिंदू-मुस्लिम एकता शब्द ही भ्रामक है। हिंदू-मुस्लिम अलग हैं ही नहीं, हमेशा से एक हैं। जब लोग दोनों को अलग मानते हैं तभी संकट खड़ा होता है। हमारी श्रद्धा आकार और निराकार दोनों में समान है। हम मातृभूमि से प्रेम करते हैं क्योंकि ये यहां रहने वाले हर एक व्यक्ति को पालती आई है और पाल रही है। जनसंख्या के लिहाज से भविष्य में खतरा है, उसे ठीक करना पड़ेगा। भारत को यदि विश्वगुरु बनाना है तो अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक की शब्दों की लड़ाई में नहीं पड़ना होगा। अल्पसंख्यकों के मन में यह बिठाया गया है कि हिंदू उनको खा जाएंगे। अब समय आ गया है कि मुस्लिम समाज आंखों से पट्टी हटाए और सबको गले लगाए। कट्टरता को छोड़कर आपसी भाई-चारे की राह अपनाए। यही एक आदर्श स्थिति की स्थापना है और इसी के प्रयास में संघ जुटा है।

संघ सिर्फ राष्ट्रवाद के लिए काम करता है। राजनीति स्वयंसेवकों का काम नहीं है। संघ जोड़ने का काम करता है, जबकि राजनीति तोड़ने का हथियार बन जाती है। राजनीति की वजह से ही हिंदू-मुस्लिम एक नहीं हो सके हैं। बेहद दुखद है कि दुनिया के सबसे बड़े गैर राजनैतिक संगठन के प्रमुख मोहन भागवत जब हिंदू-मुस्लिम एकता पर जोर दे रहे हैं, तब कुछ नेता इसके लिए अतिरिक्त कोशिश कर रहे हैं कि हमारा समाज एकजुटता-सद्भावना की ऐसी बातों पर ध्यान न दे। इस कोशिश से यही प्रकट हुआ कि कुछ लोगों की दिलचस्पी इसमें है कि हिंदू-मुस्लिम के बीच की दूरी खत्म न हो। इस संदर्भ में संघ प्रमुख ने यह सही कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता की बातें इस अर्थ में भ्रामक हैं, क्योंकि वे तो पहले से ही एकजुट हैं और उन्हें अलग-अलग देखना सही नहीं। कायदे से



इसका स्वागत करते हुए अपने-अपने स्तर पर ऐसी कोशिश की जानी चाहिए कि भारतीय समाज एकजुट हो और उसके बीच जो भी वैमनस्य है, जो भी दूरियां हैं, वह खत्म हो। निःसंदेह कुछ लोग ऐसा नहीं होने देना चाहते और इसीलिए किसी ने संघ की कथनी-करनी में अंतर का उल्लेख किया तो किसी ने भीड़ की हिंसा का जिक्र।

विडम्बनापूर्ण है कि अपने देश में इस तरह की सीधी-सच्ची एवं आदर्श की बात पर भी सस्ती राजनीति की जा रही है, इसका उदाहरण है भागवत के इस प्रेरक एवं क्रांतिकारी उद्बोधन पर आपत्ति और असहमति भरी प्रतिक्रिया का होना। मायावती और असदुद्दीन ओवैसी से लेकर दिग्विजय सिंह ने जैसी प्रतिक्रिया दी, उससे विरोध के लिए विरोध वाली मानसिकता का ही परिचय मिला। इनमें से किसी ने भी यह समझने की कोशिश नहीं की कि मोहन भागवत अपने इस कथन के जरिये सभी देशवासियों में एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द एवं भाईचारे की भावना का संचार करने के साथ यह रेखांकित करना चाह रहे थे कि भारत के लोगों में जाति, मजहब, पूजा-पद्धति की कितनी भी भिनन्ता हो, उन्हें यह स्मरण रखना चाहिए कि वे सब इस देश की संतान हैं और सबके पूर्वज एक हैं। इस विचार में ऐसा कुछ भी नहीं कि उस पर आपत्ति जताई जाए। बावजूद इसके किसी-न-किसी बहाने आपत्ति जताई गई और विमर्श को खास दिशा में मोड़ने की कोशिश की गई। इसका मकसद लोगों को गुमराह करना और अपने वोट बैंक को साधने के अलावा और कुछ नहीं नजर आता। ऐसा लगता है कतिपय राजनीतिक दलों की राजनीति एवं उनकी सोच विकृत हैं, उनका व्यवहार झूठा है, चेहरों पर ज्यादा नकाबें ओढ़ रखे हैं, उन्होंने सभी आदर्शों एवं मूल्यों को धराशायी कर दिया है। देश के करोड़ों लोग देश के भविष्य को लेकर चिन्तित हैं। वक्त आ गया है कि देश की साझा संस्कृति, गौरवशाली विरासत को सुरक्षित रखने के लिये भागवत जैसे शिखर व्यक्तियों को भागीरथ प्रयास करने होंगे, दिशाशून्य हुए नेतृत्व के सामने नया मापदण्ड रखना होगा। आज कोई ऐसा नहीं, जो धर्म की विराटता दिखा सके। सम्प्रदायविहीन धर्म को जीकर बता सके। समस्या का समाधान दे सके, विकल्प दे सके। जो कबीर, रहीम, तुलसी, मीरा, रैदास बन सके।

एक शुभ शुरुआत भी इसी दृष्टि से होने जा रही है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिखर व्यक्ति एवं मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में 15 अगस्त 2021 से 15 अगस्त 2022 तक देश के आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने एवं इस दौरान मुस्लिम संगठनों के साथ मिलकर 500 कार्यक्रमों का आयोजन करने की योजना है। इसके माध्यम से अखंड भारत के लक्ष्य को साधने का प्रयास होगा। मुस्लिम समाज के लोगों को यह समझाया जाएगा कि हमारी पूजा पद्धति भले अलग हो, लेकिन हम सब एक हैं। यही अखंड भारत की परिकल्पना है।

सांप्रदायिक एवं राजनीतिक स्वार्थ के उन्माद में उन्मत्त व्यक्ति कृत्य-अकृत्य के विवेक को खो देता है। इस संदर्भ में भागवत का सापेक्ष चिंतन रहा है। व्यक्ति अपने-अपने मजहब की उपासना में विश्वास करे, इसमें कोई बुराई नहीं, पर जहां एक संप्रदाय के लोग दूसरे संप्रदाय के प्रति द्वेष और घृणा का प्रचार करते हैं, वहां देश की मिट्टी कलंकित होती है, राष्ट्र शक्तिहीन होता है तथा व्यक्ति का मन अपवित्र बनता है। राष्ट्रीय एकता को सबसे बड़ा खतरा उन स्वार्थी राष्ट्र नेताओं से है, जो केवल अपने हित की बात सोचते हैं। देश-सेवा के नाम पर अपना घर भरते हैं, तथा धर्म, संप्रदाय, वर्ग आदि के नाम पर जनता को बांटने का प्रयतन करते हैं। पूरे विश्व को वसुधैव कुटुम्बकम की शिक्षा देने वाला भारत आज इन्हीं ओछी राजनीति करने वालों के कारण अपनों से कटकर दीनहीन होता जा रहा है। राजनीतिक स्वार्थ का दैत्य उसे नचा रहा है। क्या इस देश की मुस्लिम जनता सौहार्द एवं भाईचारे की भूमिका पर खड़ी होकर नहीं सोच सकती दलगत राजनीति और साम्प्रदायिक समस्याओं को उभारने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले राजनीतिक दल अपने-अपने दल की सत्ता स्थापित करने के लिए कभी-कभी वे काम कर देते हैं, जो राष्ट्र के हित में नहीं है। सत्ता को हथियाने की स्पर्धा होना अस्वाभाविक नहीं है पर स्पर्धा के वातावरण में जैसे-तैसे बहुमत और सत्ता पाने की दौड़ में राष्ट्रीय एकता को नजरअंदाज करना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है

# आवाज तो उठेगी ही

**इ.राजेश पाठक**

'पूरा देश जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाये जाने के पक्ष में है . फिर भी दिग्विजय उल्टा बयान देते हैं. जो कांग्रेस नेता मुस्लिमों के मसीहा बनकर तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहते हैं वे सार्वजानिक बयानबाजी ना करें. चाहे तो अपने घर में उनकी उपासना पद्धति अपना लें. कांग्रेस में पहले मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति थी, लेकिन दिखावे के तौर पर. अब तो खुलेआम हिन्दू विरोधी बयान आ रहे हैं . इससे कांग्रेस को नुक्सान हो रहा है.' ये बयान किसी हिंदूवादी संगठन ने दिया है ये अनुमान लगाने की गलती न करें. इस बात को कहने वाले कांग्रेस के अपने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विश्वबंधू राय हैं। दिग्विजय सिंह ही क्यूँ, राहुल गाँधी कौनसे अल्पसंख्यकों के तुष्टिकरण के मामले में किसी से पीछे हैं. पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर न्यायालय की टिपण्णी से लेकर राष्ट्रिय मानव अधिकार की रिपोर्ट तक बताती है कि हिन्दुओं के साथ अपने ही देश में घुसपेठीयों के हाथों कैसी दुर्गति हुई है. विधान सभा चुनाव में टीमसी के विरोध में जाने वाले ओवैसी भी थे और आईएसफ़ के अब्बास सिद्दीकी भी ये ध्यान में रखना होगा. बंगाल में हिंसा केवल राजनीति ही का परिणाम होती तो ओवैसी और अब्बास सिद्दीकी का साथ देने वाले मुसलमानों पर भी टीमसी के गुंडों का कहर टूटता. और यदि ऐसा नहीं हुआ, तो साफ़ है कि हमला बीजेपी कार्यकर्ताओं पर नहीं हिन्दुओं पर था. पर राहुल गाँधी और उनकी बहिन प्रियंका की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली. जबकि इसी साल मार्च के महीने में झाँसी रेल्वे स्टेशन पर ईसाई ननों के साथ हुई घटना को लेकर दोनों भाई-बहनों नें जो मुहं में आया हिन्दू संगठनों के खिलाफ बोला था. दोनों भाई-बहन वैसे तो दलितों के मुद्दे को हाँथ में लेनें का कोई भी अवसर नहीं छोड़ते, पर आगरा के अनुसूचित जाति के पूर्व आईएस अधिकारी की बेटी के साथ आरोपित आरिफ हाश्मीडजिसने पीड़िता को अपना नाम आदित्य आर्य बताया था। के हांथों हुई लव जिहाद की घटना को लेकर भाई-बहनों नें आवाज़ उठाना जरूरी नहीं समझा। मद्रास उच्च न्यायालय के एक फैसले नें कुछ दिन पूर्व खूब सुखियाँ बटौरी थीं. घटना पेरम्बलूर जिले के कड़तूर गाँव की है, जहां मुसलमानों की आपत्ति के कारण चार प्राचीन मंदिरों से निकलने वाली रथ यात्राओं के मार्ग को सीमित कर दिया गया था. हिंदुओं को ये अधिकार पुनः तब ही जाकर मिल सका जब उन्होंने हाई कोर्ट में शरण ली और यात्रा के अपने पुराने मार्ग को बहल करने के कोर्ट ने आदेश पारित किये. दो वर्ष पूर्व श्रीलंका जिहादी हमले की घटनाओं से दहल उठा था. श्रीलंका में सक्रीय मुस्लिम तौहीद जमात का इस हमले में शामिल होने के सबूत खुफिया पुलिस के हाँथ लगे थे . तौहीद जमात की दक्षिण भारत में भी जड़ें काफी मजबूत हैं. मूर्ती-पूजा को 'शिर्क'(पाप) बताते हुए इसको ख़त्म कर ' शरिया-निज़ाम' को तमिलनाडु में स्थापित करने कि एक शपथ तौहीद जमात की 2016 में एक विशाल रैली निकाल कर ली गयी थी. रैली के पोस्टर पूरे तमिलनाडु और विशेषकर वहां के मंदिरों के आसपास बड़ी मात्र में लगाये गए थे. इस तथा-कथित शिर्क के खिलाफ निकाले जाने वाली रैलीयां तमिलनाडु में अब आम बात हो चुकी है. इस सूरते-हाल में कोई ये बताने की कोशिश करे कि देश में अल्पसंख्यकों के साथ 'नाइंसाफी' होती है, तो इसके विरुद्ध आवाज तो उठेगी ही. और वही अब कांग्रेस में भी होने लगा है।

## तीसरी लहर से पहले अलर्ट

# यूपी में एंट्री सख्त, मुंबई और दिल्ली सहित दूसरे प्रदेशों से आने वालों के लिए नया आदेश



**लखनऊ (एजेंसी)।** कोरोना की तीसरी लहर रोकने के लिए योगी सरकार अभी से सतर्कता बरत रही है। इसी के तहत राज्य सरकार कोरोना प्रभावित राज्यों से यूपी आने वालों के लिए निगेटिव आरटीपीसीआर रिपोर्ट या फिर दोनों डोज वैक्सीन लगवाए जाने का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य करने जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम-9 की बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसके लिए जल्द ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किया जाए। यह भी कहा कि ट्रेन, हवाई जहाज व बस आदि से यूपी आने वाले कोविड पॉजिटिव पाए जा रहे हैं। इसलिए ऐसे लोगों की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग और जांच जरूर की जाए। विशेषज्ञों के भविष्य के आकलन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड टीकाकरण का काम सुचारु रूप से चल रहा है। यूपी चार करोड़ कोविड वैक्सीन लगाने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोविड वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया को प्रोत्साहित किया जाए। कोरोना महामारी के बीच प्रदेश सरकार ने लोगों के जीवन और जीविका को सुरक्षित रखने के साथ विकास परियोजनाओं को भी जारी रखा। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का कार्य पूर्णता की ओर है, तो गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए 89 फीसदी से अधिक भूमि क्रय कर ली गई है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर दिन के साथ कोविड महामारी पर नियंत्रण की स्थिति और बेहतर होती जा रही है। अलीगढ़, चित्रकूट, हाथरस, कासगंज, महोबा, श्रावस्ती जिले और कोरोना मुक्त हो चुके हैं।

यहां अब कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश के 34 जिले ऐसे हैं, जहां कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या इकाई अंक और 33 जिलों में दहाई अंक में एक्टिव केस हैं। प्रदेश के 40 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। लखनऊ में ही दहाई अंक में कोविड संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई। इस स्थिति को और बेहतर बनाने के लिए ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट के मंत्र के अनुरूप सभी जरूरी प्रबंध किए जाएं।

मुख्यमंत्री को बताया गया कि मेडिकल कॉलेजों में पीडियाट्रिक आईसीयू निर्माण का काम चल रहा है। केंद्र सरकार ब्लैक फंगस के मरीजों के लिए दवा उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में 541 स्वीकृत ऑक्सीजन प्लांटों में 166 स्थापना के बाद चालू हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ एटीएम की व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी एक्सप्रेस-वे पर औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना के लिए कार्य योजना तैयार की जाए। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को शीघ्र पूरा किया जाए। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे व बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर औद्योगिक क्लस्टर की स्थापना के लिए जमीन चिह्नित करने की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाया जाए।



# कल्याण सिंह को सांस की तकलीफ बढ़ी, दी गई ऑक्सीजन थेरेपी, सीएम योगी मिलने पहुंचे

**लखनऊ (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को शनिवार रात सांस लेने में तकलीफ और पेट फूलने की दिक्कत होने पर ऑक्सीजन सपोर्ट पर लिया गया। नए संक्रमण व सेप्सिस की संभावना को देखते हुए एंटीबायोटिक्स और एंटीफंगल का उपचार शुरू कर दिया गया है। हालांकि सेहत नियंत्रण में है।जानकारी होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार दोपहर पीजीआई पहुंचकर कल्याण सिंह से मिलकर स्वास्थ्य लाभ के बारे में बातचीत की। कल्याण ने हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया। सीएम के साथ चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खनन भी मौजूद रहे।पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि कल्याण सिंह को सांस लेने और पेट मे तकलीफ होने पर की बात कही। उसके तुरन्त बाद उन्हें ऑक्सीजन थिरेपी दी गई। साथ ही पल्मोनरी मेडिसिन और पेट के डॉक्टरों ने तुरन्त सीसीएम वार्ड पहुंचे। जरूरी जांच जरायी और तत्काल उपचार शुरू कर दिया।

# गठबंधन पर प्रियंका ने खोले पत्ते, बताया यूपी में कांग्रेस कैसे लड़ेगी विधानसभा चुनाव



**लखनऊ (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने रविवार को कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में दूसरे दलों से गठबंधन को लेकर उनका ''ज़हन बिलकुल खुला है लेकिन ऐसा कोई भी समझौता पार्टी के हितों की कीमत पर नहीं होगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में अन्य पाटिर्यों से गठबंधन को लेकर उनका ''ज़हन बिलकुल खुला हुआ है।

कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अभी वह यह नहीं कह सकतीं कि कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी या फिर गठबंधन करेगी। हालांकि कोई भी गठबंधन पार्टी के हितों की कीमत पर नहीं होगा। प्रियंका ने खुद के उत्तर प्रदेश के राजनीतिक फलक से अकसर गैरहाजिर रहने के विपक्ष के आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह उत्तर प्रदेश में 'राजनीतिक पर्यटक' नहीं है और वह पिछले करीब डेढ़ साल से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है तथा पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लगातार संपर्क में है। अब वह उत्तर प्रदेश में ज्यादा समय देंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में बड़े-बड़े दावे कर सत्ता हथियाने वाली भाजपा की असलियत अब जनता के सामने पूरी तरह जाहिर हो गई है और कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की इन्हीं नाकामियों को जनता के सामने रखेगी।

## शाहजहांपुर में करंट लगने से पिता-पुत्र की मौत, तांत्रिक की सलाह पर गए थे स्नान करने

**शाहजहांपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में तांत्रिक की सलाह पर छह वर्षीय बीमार बेटे को खेत में सनन कराने गए पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। अल्लाहगंज थाना प्रभारी अजब सिंह ने रविवार को बताया कि थाना अंतर्गत धर्मपुर पिपरिया गांव के पास मड़ैया में रहने वाले बाबू सिंह (42) का छह वर्षीय बेटा गोविंद काफी दिनों से बीमार था।उन्होंने बताया कि कई जगह इलाज कराने के बाद बच्चे के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था। इस बीच किसी तांत्रिक ने सुझाव दिया कि बीमार बच्चे को खेत में सनन कराया जाए और इस दौरान उसे कोई भी व्यक्ति देख नहीं पाए।

# क्यों जरूरी है जनसंख्या नियंत्रण कानून जानिए क्या बोले बीजेपी यूपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह



**लखनऊ (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह ने कहा है कि जनसंख्या नीति का संबंध प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली एवं समृद्धि लाने से है। पूरी दुनिया में बढ़ती जनसंख्या से विकास के प्रभावित होने की चर्चाएं चल रही हैं। जहां भी जनसंख्या नियंत्रित करने के प्रयास हुए हैं वहां विकास की गति बढ़ी है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी राजनीतिक दल, जाति, मजहब व संप्रदाय की राजनीति से आगे बढ़कर राष्ट्रहित तथा समाज हित में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने में मदद करें।

उन्होंने कहा है कि कानून बनाकर जनसंख्या नियंत्रित करने से देश की जनता को प्रदुषण, खराब सेहत, बेरोजगारी, अशिक्षा के साथ ही अन्य तमाम समस्याओं से निजात मिल सकेगा। विपक्ष को समझना होगा कि देश सर्वोपरि है, देश है तो राजनीतिक दल हैं और हम हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में भौतिक संसाधन सीमित हैं और जनसंख्या असीमित है। आने वाले 10-12 साल में हमारी जनसंख्या 1.5 अरब को पार कर जाएगी। 1857 में भारत का क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किलोमीटर था। तब हमारी जनसंख्या 35 करोड़ थी। आज भारत का क्षेत्रफल 33 लाख वर्ग किलोमीटर है, और जनसंख्या 138 करोड़ पहुंच गई है। दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है। जबकि यहां जमीन 2.4 फीसदी, पीने का पानी चार फीसदी तथा वन क्षेत्र 2.4 फीसदी है। यह आंकड़ें चिंता पैदा करने वाले हैं। जनसंख्या नियंत्रित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में लोगों के लिए आवास की दिक्कतें भी हो सकती हैं। अजेय और समृद्ध भारत की राहत में जनसंख्या वृद्धि बड़ी बाधा है। बढ़ती जनसंख्या की चुनौती पर चर्चा होती है लेकिन राजनैतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण ठोस कार्रवाई नहीं होती है। राजनेताओं का एक वर्ग इसे साम्प्रदायिक तूल देने लगता है। उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ी जनसंख्या वाला राज्य है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसंख्या नियत्रण नीति के लिए राजनैतिक साहस दिखाया है।

# एसी रूम में बैठकर ट्वीटर और सोशल मीडिया पर राजनीति कर रही हैं मायावती : अनिल राजभर



**बलिया (एजेंसी)।** यूपी सरकार के दिव्यांग जन सशक्तिकरण मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता अनिल राजभर ने रविवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती पर वातानुकूलित कमरे से ट्विटर व सोशल मीडिया पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मायावती अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं और बसपा का ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आयोजित करना अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है।

दिव्यांग जन सशक्तिकरण मंत्री राजभर ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में बसपा मुखिया मायावती पर निशाना साधा। उन्होंने बसपा के ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित करने से जुड़े सवाल के जबाब में दावा किया कि ब्राह्मण समाज बसपा को वर्ष 2022 में जबाब देगा।

बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि अब ब्राह्मण समाज के लोग भाजपा के किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आएंगे और अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देंगे। उन्होंने कहा, ब्राह्मण समाज को फिर से जागरूक करने के लिए बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में 23 जुलाई को अयोध्या से एक अभियान शुरू किया जा रहा है और ब्राह्मणों को भरोसा दिया जाएगा कि बसपा शासन में ही उनका हित सुरक्षित है।

मायावती पर पलटवार करते हुए राजभर ने कहा कि बसपा का ब्राह्मण समाज का सम्मेलन आयोजित करना अवसरवादी राजनीति का उदाहरण है।

उन्होंने इसके साथ ही यह भी कहा कि बसपा को चुनाव के कारण ब्राह्मण याद आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बसपा मुखिया मायावती को न तो धरती की जानकारी है और न आसमान की। उन्हें जनता की समस्याओं पर कभी संघर्ष नहीं करना है और न किसानों पर कभी बात करनी है। दलितों की हालत देखने के लिए भी वह कभी नहीं निकलती। वह वातानुकूलित बंद कमरे से ट्विटर व सोशल मीडिया पर राजनीति करती हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या वह (मायावती) कभी सड़क पर उतरी हैं, सड़क पर उतरकर कभी कोई आंदोलन करते दिखाई दीं, वह इतिहास हो गई हैं तथा अब अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही हैं। राजभर ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा के आगामी चुनाव में साढ़े तीन सौ सीट पर जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर राज्य मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में किसानों का कर्जा वापस लिया जाता है तो सपा की सरकार बनने पर राज्य मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में आतंकवादियों के विरुद्ध मुकदमे वापस लिये जाते हैं। उन्होंने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को धोखेबाज करार देते हुए कहा कि राजभर महाराजा सुहेलदेव के नाम पर पार्टी बनाते हैं तथा जिन मूल्यों को लेकर महाराजा सुहेलदेव ने जीवनपर्यंत लड़ाई लड़ी, ओम प्रकाश राजभर उन मूल्यों को तिलांजलि दे देते हैं।

# प्रेम जाल में फंसाकर लड़कियां बुलाती थीं एकांत में मिलने को, करती थी ऐसा कारनामा फिर...



**मुरादाबाद (एजेंसी)।** शादी का झांसा देकर युवकों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने दो युवतियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवतियां जाल में फंसाने के बाद युवकों को एकांत में बुलाती थी और एकांत में ले जाती थी। इसके बाद झूठा मुकदमा लिखाने की धमकी देकर रंगदारी मांगती थी। दोनों महिलाओं ने अन्य साथियों के साथ मिलकर संभल के एक युवक को मुरादाबाद बुलाकर ठग लिया था।

एएसपी अनिल कुमार ने बताया कि संभल के हयातनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला भालेभाज खां सराय तरीन निवासी सचिन कुमार शर्मा ने 14 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि उसके मोहल्ले के विष्णु शर्मा, शाहजीपुरा निवासी गुडबाड और हयातनगर आंबेडकर गेट निवासी गौरव ने उसकी शादी कराने की बात कही थी। तीनों 9 जुलाई को मुरादाबाद में लाकर उसे रामगंगा विहार में एक लड़की दिखाए थे। उसी समय लड़की के मोबाइल नंबर ले लिया था। इसके बाद मोबाइल पर बात करके दो लड़कियां उसे जाल में फंसा ली। सचिन के अनुसार 14 जुलाई को एक लड़की ने कॉल करके उसे मिलने के लिए मुरादाबाद बुलाया। वह अपने साथी दुर्गेश कुमार गुप्ता के साथ रामगंगा विहार में पहुंचा। जहां दो लड़कियां उसे कमरे में ले गईं।आरोप है कि एक लड़की ने जीजू जीजू कहरकर उसके साथ अश्लीलला करते हुए कमरा बंद कर लिया। इसके बाद दोनों ने चार लड़के बुला लिए। आते ही चारों ने सचिन के साथ मारपीट की। बाद में धमकी दी कि पांच लाख रुपये दो नहीं तो छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप में जेल भिजवा देंगे। वहां से सचिन किसी तरह छूट कर थाने पर पहुंचा था।

# स्ट्रीट वेंडरों को अब 20-20 हजार का बिना ब्याज का कर्ज

**गोरखपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं (स्ट्रीट वेंडर) को अब 20 हजार रुपये का बिना ब्याज का लोन मिलेगा। पहली लहर के दौरान 10-10 हजार का लोन मिला था। पूर्व में लिए गए कर्ज को चुकाने और लगातार किश्त देने वालों को नई योजना में चुना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने पिछले दौरे में ही पथ विक्रेताओं को बड़ी राहत के संकेत दे दिए थे।नगर निगम और डूडा द्वारा इसके लिए शिविर भी संचालित किए जाएंगे। लीड बैंक मैनेजर राम अधार सोनकर ने बताया कि इसका लाभ पीएम स्वनिधि योजना के उन्हीं लाभार्थियों को मिलेगा जिन्होंने पूर्व में लिए गए 10-10 हजार रुपये के लोन की अदायगी कर दी है। इस योजना के तहत लिए गए कर्ज पर ब्याज की दरें बैंक को नियमित कर्ज की वापसी एवं उनके बताए मुताबिक क्यूआरकोड से लेनदेन करने पर माफ हो जाती हैं।कोरोना संक्रमण के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के दौर में लोगों के कारोबार को काफी क्षति पहुंची। सड़कों पर रेहड़ी या ठेला लगाने वालों को राहत देने के लिए आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की तरफ से एक जून 2020 को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की शुरुआत हुई। गोरखपुर जिले में इस योजना के अंतर्गत 24 हजार लाभार्थियों को चिन्हित किया गया जिसमें 17 हजार लाभार्थी लाभान्वित हुए। जिले के 17 हजार लाभार्थियों में ऐसे लाभार्थी जिन्होंने समय से अपनी 10-10 हजार रुपये की धनराशि बैंकों को नियमित रूप से लौटाई है, मौजूदा वित्तवर्ष की योजना में 20-20 हजार रुपये के लोन के लिए पात्र होंगे। इसके अलावा पहली बार योजना का लाभ लेने वालों को 10-10 हजार रुपये की धनराशि भी ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। डूडा ने ऐसे 267 लाभार्थियों का अगली योजना में फिलहाल चयन किया है।प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 10 हजार रुपये तक का कोलेटरल फ्री लोन दिया जाता है। जिसका इस्तेमाल स्ट्रीट वेंडर्स अपने पूंजी के तौर पर कर सकते हैं। योजना के तहत एक साल के लिए 10,000 रुपये का लोन दिया जाता है। नियमित ऋण चुकाने पर योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज में सब्सिडी मिलती है। डिजिटल लेनदेन करने पर साल में 1200 रुपये का कैशबैक मिलता है।



## सेना भर्ती में फर्जीवाड़े के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बरेली (एजेंसी)।** सेना की भर्ती में फर्जीवाड़ा करने के आरोप में चार अभ्यर्थियों के खिलाफ बरेली के थाना कैंट में मामला दर्ज कर पुलिस ने तीन आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी और कहा कि एक आरोपी फरार हो गया है। उन्होंने बताया कि चारों अभ्यर्थी एक-दूसरे की जगह मेडिकल करवा रहे थे, लेकिन दस्तवेजों में लगे फोटो और पहचान चिह्न से उनका फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। सभी आरोपी उत्तराखंड के नैनीताल और अल्मोड़ा से हैं। मेजर एसके मिश्र मोहर की ओर से उनके खिलाफ थाना कैंट में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट राजीव कुमार सिंह ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर बताया कि उत्तराखंड राज्य के निवासी ललित सिंह नेगी, बलम सिंह मटियाली, ललित लटवाल और धीरज कुमार एक-दूसरे की जगह सेना की भर्ती में मेडिकल जांच कराने पहुंच गए।

# बाराबंकी में पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की कर दी हत्या

**बाराबंकी (एजेंसी)।** बाराबंकी के जैदपुर क्षेत्र के चमरही मजरे बोजा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर जमीन पर पड़ा था। गले पर चोट के निशान थे। कान और नाक से खून बह रहा था। मृतक की पतनी का शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवारी जनों का कहना है कि मृतक की पतनी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर गला दबाकर पति की हत्या की है। मृतक के भाई ने पुलिस को हत्या की तहरीर दी है। जैदपुर थाना क्षेत्र के बोजा गांव के मजरा चमरही निवासी जगननथ (35) पुत्र छोटेलाल की पतनी कमला रविवार की सुबह चीखते चिल्लाते घर के बाहर निकली। शोरगुल सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। कमला ने लोगों को बताया उसके पति की मौत हो गई है। ग्रामीण घर में पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हतप्रभ रह गए। यहां जमीन पर जगननथ का शव पड़ा था।

गले पर चोट के निशानः जगननथ के गले पर चोट के निशान थे। उसके कान और नाक से खून बह रहा था। घटनास्थल के हालात बता रहे थे कि जगननथ की गला दबाकर हत्या की गई है। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मृतक जगननथ के चार पुत्र व एक पुत्री है। परिजनों व पुलिस के मुताबिक मृतक की पतनी कमला का ग्राम टिकरा के मेराज से प्रेम प्रसंग काफी समय से चल रहा है।

इसकी जानकारी जगननथ को हो गई थी। वह इसका विरोध करता था। इसी बात को लेकर जगननथ और कमला के बीच अक्सर झगड़ा हुआ करता था। पति पतनी की लड़ाई को लेकर बच्चे भी काफी परेशान थे। कमला की हरकतों को लेकर आस पड़ोस के लोग भी तरह तरह की बाते करते थे। जिसे सुनकर जगननथ काफी दुखी रहता था और घर से भी कम निकलता था। शनिवार की रात घर में आया था कोईः मृतक के पुत्र ने पुलिस को बताया कि शनिवार की रात भी उसके घर में कोई आया हुआ था। खटपट की आवाज सुनकर उसकी नींद खुली तो घर में मौजूद व्यक्ति भाग निकला।

## चित्रकूट के जलकुंड में नहाते समय डूबे चार लड़के, तीन की मौत

**चित्रकूट (एजेंसी)।** चित्रकूट जिले के एक जलकुंड में नहाते समय डूबने से रविवार को तीन लड़कों की मौत हो गयी, जबकि एक युवक को बचा लिया गया। चित्रकूट जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित मित्तल ने बताया कि मारकुंडी थाना क्षेत्र के जंगल में स्थित शबरी जलकुंड में नहाते समय जिले के अतर्रा कस्बे के चार युवक डूब गए, जिनमें से पीयूष (22), मोहित (17) और साहिल (17) की मौत हो गयी है, जबकि आकाश (24) को पुलिस और गोताखोरों ने सुरक्षित निकाल लिया है। उन्होंने बताया कि तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया है और मारकुंडी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हैप्पी बर्थडे स्मृति मंधानाः इस सलामी बल्लेबाज के नाम हैं ये बेहतरीन रिकॉर्ड्स




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना आज अपना 25 वां जन्मदिन मना रही हैं। 16 साल की उम्र में देश के लिए डेब्यू करने वाली स्मृति टीम की धाकड़ ओपनर हैं। उनका महाराष्ट्र से टीम इंडिया का सफर काफी दिलचस्प रहा है। मंधाना ने अक्टूबर 2013 में वनडे मैच में दोहरा शतक लगाया था। वेस्ट-जोन अंडर-19 टूर्नामेंट में महाराष्ट्र की तरफ से खेलते हुए उन्होंने गुजरात के खिलाफ 150 गेंदों में 224 रनों की नाबाद पारी खेली थी। स्मृति वनडे में दोहरा शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। स्मृति ने अब तक 3 टेस्ट, 59 वनडे और 81 टी-20 मैच खेला है जिसमें उन्होंने क्रमशः 167, 2253 और 1901 रन बनाए हैं।मंधाना के नाम भारतीय महिला टीम की सबसे कम उम्र में कप्तान बनने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की। उस समय उनकी उम्र 22 साल 229 दिन थी।मंधाना ने 2022 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में शानदार बैटिंग की। उन्होंने 16 मैचों में 65.07 की औसत से 911 रन बनाए, इस दौरान उनका बैटिंग स्ट्राइक रेट 95.99 था। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक भी निकले।

# टीम इंडिया के खिलाफ 24 साल का लंबा इंतजार खत्म करने पर श्रीलंका की नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज शिखर धवन की कप्तानी में भारतीय खिलाड़ी इस साल अक्टूबर-नवम्बर में संयुक्त अरब अमीरात और ओमान में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर श्रीलंका के खिलाफ आज होने वाले पहले वनडे में टीम इंडिया में अपनी जगह पक्की करने के मजबूत इरादे से उतरेंगे। भारत की सीनियर टीम इस समय इंग्लैंड दौरे पर है, जहां उसे नेजबान टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा हार का शर्मनाक रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी श्रीलंका टीम इंटरनेशनल क्रिकेट में लगातार संघर्ष कर रही है और इंग्लैंड ने हाल ही में श्रीलंका का वनडे और टी-20 सीरीज में सूपड़ा साफ किया था। पिछले कुछ सालों में हर फॉर्मेट में टीम इंडिया श्रीलंका पर पूरी तरह से हावी रही है और धवन की कप्तानी में भारत की युवा टीम इस रिकॉर्ड में और बढ़ोतरी करना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर श्रीलंका भारत के खिलाफ 24 साल का इंतजार खत्म करने की फिराक में होगी।

बता दें कि श्रीलंका ने भारत के खिलाफ आखिरी वनडे सीरीज साल 1997 में जीती थी। उस सयम टीम के कप्तान वर्ल्ड कप विजेता अर्जुन रणतुंगा थे। उसके बाद भारत ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार वनडे सीरीज पर कब्जा बरकरार रखा। दोनों देशों के बीच अब तक कुल 18 बाइलेटरल सीरीज खेली जा चुकी है, जिसमें से भारतीय टीम ने 13 सीरीज जीती है, वहीं श्रीलंका की टीम सिर्फ दो वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रही। इसके अलावा तीन सीरीज ड्रॉ रही।



वनडे क्रिकेट में भारत और श्रीलंका की टीमें इंटरनेशनल क्रिकेट में अबतक 159 मैचों में एक दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतर चुकी हैं, जिसमें से 91 बार जीत टीम इंडिया के हाथ लगी है, जबकि श्रीलंका ने 56 मैचों में जीत हासिल की है। वहीं, 11 मैचों का कोई भी नतीजा नहीं निकल सका है। इसके अलावा एक मैच टाई पर छूटा है। भारत और श्रीलंका के बीच पहली बाइलेटरल सीरीज 1982-83 में खेली गई थी, जहां भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। वनडे क्रिकेट में इंडिया का श्रीलंका से पहली बार सामना 1979 में हुआ था, जिसमें श्रीलंका ने भारत को धूल चटाई थी।

## ईशान किशन ने बर्थडे पर किया वनडे डेब्यू, ऐसा कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच वनडे सीरीज का पहला मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत की तरफ से इस मैच में ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने वनडे डेब्यू किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का आज बर्थडे है।

उन्हें टीम मैनजमेंट ने उनके बर्थडे पर वनडे डेब्यू करवाके शानदार गिफ्ट दिया। ईशान किशन अपने बर्थडे के दिन वनडे डेब्यू करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन ने इस साल 14 मार्च को टी20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड के खिलाफ अपना डेब्यू किया था। ईशान किशन से पहले अपने बर्थडे पर डेब्यू करने वाले भारतीय क्रिकेटर गुरशरण सिंह थे। उन्होंने आठ मार्च 1990 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हैमिल्टन में अपना पहला और आखिरी वनडे खेला था। आठ मार्च 1963 को जन्में गुरशरण ने इस मैच में चार रन बनाये और उन्हें इसके बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। ईशान ने अभी तक अपने दो टी20 इंटरनेशनल मैचों में 60 रन बनाए हैं। इसमें एक फिफ्टी शामिल है। उन्होंने अपने डेब्यू मैच में ही 56 रन बनाए थे और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

# इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के जीतने पर अजहर अली ने एक फोटो के जरिए शोएब अख्तर को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर है, जहां वह तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेल रही है। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड वनडे सीरीज में पाकिस्तान को 3-0 से पीट चुकी है। यह जीत इसलिए खास है, क्योंकि इस दौरान पूरी टीम बिल्कुल नई थी और लगभग सभी सीनियर खिलाड़ी को क्वारंटाइन की वजह से बाहर होना पड़ा। इंग्लैंड की दोयम दर्जे की टीम से 0-3 से एकतरफा अंदाज में पिटने के बाद पाकिस्तान टीम और कप्तान बाबर आजम को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। आलोचना करने वालों में 'रावलपिंडी एक्सप्रेस' शोएब अख्तर भी शामिल थे। हालांकि पाक टीम ने वनडे सीरीज की निराशा को पीछे छोड़ते हुए टी-20 सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को 31 रनों से मात दी। टीम की इस जीत में कप्तान बाबर की पारी का अहम योगदान रहा। ऐसा होने पर टेस्ट क्रिकेटर अजहर अली ने अख्तर को इशारों-इशारों में जवाब दिया है।



दरअसल, अली ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक फोटो शेयर की है, जो पहले टी-20 मैच के बाद हुए प्रेजेंटेशन की है। यहां बहुत सारे पाकिस्तानी फैन्स बाबर आजम को सुनने के लिए बेकरार दिख रहे थे। अजहर ने अख्तर को जवाब देते हुए कैप्शन में लिखा कि, 'ये फैंस किसको देखने आए थे।'

इंग्लैंड से एकतरफा अंदाज में हारने के बाद अख्तर ने अपनी टीम की कड़ी आलोचना करते हुए अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था कि, 'पाकिस्तान की टीम 70 के दशक की क्रिकेट खेल रही है। ये खिलाड़ी उस विकेट पर 320-330 रन बनाकर खुश रहते हैं, जहां इससे कहीं ज्यादा रन बन सकते हैं। जब हमारे दो-तीन विकेट गिर जाते हैं, तो हम स्लो पड़ जाते हैं, और सोचते हैं कि हम अंतिम 10 ओवरों में रन बना लेंगे। ये 70 के दशक की क्रिकेट है, हम वहीं अटके हुए हैं। इंग्लैंड ने हमसे अच्छी क्रिकेट खेली, उनके बल्लेबाज हमेशा स्ट्राइक रोटेट करते रहे, जिससे स्कोरकार्ड चलता रहा और कभी भी बल्लेबाज प्रेशर में नहीं दिखा। लेकिन हमने 70 के दशक वाली क्रिकेट खेली, क्योंकि हमारी मानसिकता ऐसी है, हम खुद में सुधार नहीं लाना चाहते।'

## शिखर धवन ने कहा, विराट कोहली-रवि शास्त्री के 'विशेष खिलाड़ी' का रखेंगे ध्यान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के कप्तान शिखर धवन ने श्रीलंका के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले पहले वनडे मैच से पहले वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस की। भारत की लिमिटेड ओवरों की टीम के अस्थायी कप्तान शिखर धवन ने शनिवार को कहा कि अगर कप्तान विराट कोहली या कोच रवि शास्त्री के दिमाग में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप से पहले कोई विशेष खिलाड़ी है तो टीम प्रबंधन निश्चित रूप से इस बात का ध्यान रखेगा। धवन श्रीलंका के खिलाफ छह मैचों की लिमिटेड ओवर की सीरीज के लिये युवा टीम (जिसमें छह अनकैप्ड खिलाड़ी हैं) की अगुआई करेंगे। 17 अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाडि़यों के प्रदर्शन को देखने का अंतिम मौका होगा।

धवन ने रविवार को शुरुआती वनडे से पहले पत्रकारों से कहा, 'मेरी विराट या रवि भाई से कोई विशेष चर्चा नहीं हुई है। लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि उन्होंने राहुल भाई और चयनकर्ताओं से निश्चित रूप से कुछ चर्चा की होगी और मुझे यकीन है कि हमें यह संदेश बताया जाएगा।' इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने आगे कहा, 'जो भी इस सीरीज में खेलेगा, वो टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखेगा। निश्चित रूप से अगर चयनकर्ता, रवि भाई या विराट के दिमाग में कोई खिलाड़ी होगा तो हम उस खिलाड़ी को खिलायेंगे क्योंकि यह अच्छा मंच है। अगर आप टी20 वर्ल्ड से पहले किसी खिलाड़ी को देखना चाहते हैं तो आपके पास सिर्फ यही सीरीज है। धवन ने हालांकि प्लेइंग इलेवन का खुलासा नहीं किया लेकिन बताया कि उन्होंने सीरीज में उनके सलामी जोड़ीदार पर फैसला कर लिया है।



## टोक्यो ओलंपिक खेलों पर कोरोना का कहर, तीन खिलाड़ी निकले कोविड-19 पॉजिटिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान की राजधानी टोक्यो में होने जा रहे ओलंपिक खेलों पर कोरोना का कहर लगातार जारी है। इन खेलों के सीईओ तोशीरो मुटो ने शनिवार को कंफर्म किया था कि एथलीट स्थल पर शनिवार को कोरोना संक्रमण का पहला सामने आया है, लेकिन अब ऐसी खबरें सामने आ रही है कि इन खेलों में भाग लेने जा रहे दो खिलाडि़यों सहित कुल तीन खिलाडि़यों को कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है। इस बात की सूचना पीटीआई ने दी है। यह पहला अवसर है जबकि खेल गांव में रह रहे खिलाडि़यों को संक्रमण हुआ है। आयोजकों ने खिलाडि़यों की पहचान उजागर नहीं की है।



आयोजन समिति ने कोविड-19 के पॉजिटिव मामलों की जो लिस्ट जारी की है, उसके अनुसार दिन में कुल 10 मामले सामने आए। इनमें खेलों से संबंधित पांच व्यक्ति, एक ठेकेदार और एक पत्रकार भी शामिल हैं। समिति के रिकॉर्ड के अनुसार खेलों से जुड़े कोविड मामलों की संख्या अब 55 पर पहुंच गई है। आयोजकों ने यह नहीं बताया है कि दोनों संक्रमित खिलाडि़यों को खेल गांव में ही रखा गया है या उन्हें किसी अन्य स्थान पर क्वारंटाइन पर भेजा गया है।कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए खेलों के आयोजकों ने आठ जुलाई को घोषणा की थी कि किसी भी दर्शक को टोक्यो और आसपास के तीन प्रांतों में स्थित एथलीट स्थानों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# दिल्ली में भव्य विदाई के बाद टोक्यो पहुंचा भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था

**टोक्यो (एजेंसी)।** ओलंपिक में कुछ कर गुजरने के लक्ष्य के साथ भारतीय दल का 88 सदस्यीय पहला जत्था 23 जुलाई से शुरू होने वाले खेलों के लिए रविवार की सुबह टोक्यो पहुंच गया। कोविड-19 महामारी के बीच आयोजित किए जा रहे खेलों के लिए भारत के आठ खेलों तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, जूडो, जिमनस्टिक, तैराकी और भारोत्तोलन के खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और अधिकारी नयी दिल्ली से विशेष विमान से जापान की राजधानी पहुंचे। पहला जत्था 88 सदस्यों का है, जिनमें 54 खिलाडि़यों के अलावा सहयोगी स्टाफ और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

भारतीय खिलाडि़यों का हवाई अड्डे पर कुरोबे शहर के प्रतिनिधियों ने स्वागत किया। उनके हाथों में बैनर थे जिन पर लिखा था, 'कुरोबे भारतीय खिलाडि़यों का समर्थन करता है। क्षचीयर्स4इंडिया।' हॉकी में पुरुष और महिला हॉकी टीमें शामिल हैं। यह किसी एक खेल में भारत का सबसे बड़ा दल है। इससे पहले शनिवार की रात को खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर हर्ष ध्वनि, तालियों की गड़गड़ाहट और शुभकामना संदेशों के साथ भारतीय दल को औपचारिक विदाई दी।




हवाई अड्डे पर अप्रत्याशित दृष्य देखने को मिला। ओलंपिक दल के लिए लाल कालीन बिछाया गया था। खिलाडि़यों की विदाई के लिए इतना उत्साह बना हुआ था कि भारत सरकार ने इन सदस्यों की कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए विशेष व्यवस्था की थी। ठाकुर के अलावा विदाई समारोह में खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान, आईओए के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा और महासचिव राजीव मेहता ने भी हिस्सा लिया। भारत के कुछ खिलाड़ी विदेशों में अपने अभ्यास स्थलों से पहले ही टोक्यो पहुंच चुके थे। भारत की एकमात्र भारोत्तोलक मीराबाई चानू अमेरिका के सेंट लुई में अपने अभ्यास स्थल से शुक्रवार को टोक्यो पहुंची। मुक्केबाज और निशानेबाज इटली और क्रोएशिया में अपने अभ्यास स्थलों से यहां पहुंचे हैं। भारत का 228 सदस्यीय दल ओलंपिक में भाग लेगा जिसमें 119 खिलाड़ी शामिल है। भारत से सबसे पहले चार भारतीय नाविक नेत्र कुमानन और विष्णु सरवनन (लेजर क्लास), केसी गणपति और वरुण ठक्कर (49ईआर क्लास) यूरोप में अपने अभ्यास स्थलों से टोक्यो पहुंचे थे। उन्होंने गुरुवार को प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है। इसके अलावा रोइंग टीम भी टोक्यो पहुंच चुकी है।

### आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक बोले

# कोरोना संक्रमण मामलों के बावजूद ओलंपिक गेम्स सुरक्षित हैं

**टोक्यो (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने केवल जुलाई महीने में ही ओलंपिक खेलों से संबंधित विदेशी एथलीटों के बीच कोरोना संक्रमण के 15 मामले सामने आने के बाद शनिवार को टोक्यो ओलंपिक खेलों के लिए कोरोना विरोधी उपायों पर बढ़ती चिंता को खत्म करने की कोशिश की है।

बाक ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, 'एक जुलाई से शुक्रवार तक लगभग 15 हजार एथलीट, अधिकारी और ओलंपिक और पैरालंपिक से संबंधित अन्य लोग टोक्यो पहुंचे हैं। इन सभी का कोरोना टेस्ट किया गया था, जिनमें केवल 15 ही संक्रमित पाए गए हैं। यह बहुत कम दर है, यह लगभग 0.1 प्रतिशत है। संक्रमित लोगों को तुरंत आईसोलेट कर दिया गया था, इसलिए वे अन्य प्रतिभागियों और जापान के लोगों के लिए कोई जोखिम पैदा नहीं करेंगे।बाक ने खेलों के सुरक्षित होने का आश्वासन देते हुए कहा, 'इससे पता चलता है कि कोरोना विरोधी उपाय न केवल लागू हैं, बल्कि यह काम कर रहे हैं और इन्हें लागू रखा जाएगा।' उल्लेखनीय है कि शनिवार को



एक अन्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में टोक्यो खेलों 2020 के सीईओ तोशीरो मुटो ने पुष्टि की है कि टोक्यो 2020 के एथलीट स्थल पर कोरोना संक्रमण का पहला सामने आया है।

उन्होंने बताया कि संक्रमित शख्स हवाई अड्डे पर किए गए टेस्ट में नेगेटिव पाया गया था, लेकिन शुक्रवार को एथलीट स्थल पर हुए टेस्ट में वह पॉजिटिव पाया गया। फिलहाल वह एक होटल में आईसोलेशन में है।

वहीं कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए खेलों के आयोजकों ने आठ जुलाई को घोषणा की थी कि किसी भी दर्शक को टोक्यो और आसपास के तीन प्रांतों में स्थित एथलीट स्थानों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि जापान की राजधानी टोक्यो में कोरोना महामारी की स्थिति बिगड़ने के कारण एक और आपातकाल लगाया गया है। फुकुशिमा प्रांतीय सरकार की ओर से दो दिन बाद अजुमा बेसबॉल स्टेडियम के लिए भी इसी तरह का निणन्य लिया गया था।

### अमेरिकन एथलीट पॉल चेलिमो ने गेम्स विलेज में लगे बेड का ट्वीट कर उड़ाया मजाक

**नई दिली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक की तैयारियां लगभग पूरी हो गई है। टोक्यो ओलंपिक 2020 की शुरुआत 23 जुलाई से होगी। दुनियाभर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने के लिए बेहतरीन इंतजाम किये गए है। टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने आए एथलीटों के कमरे में जो बेड लगाए गए हैं, उसे लेकर अमेरिका के एथलीट पॉल चेलिमो ने ट्वीट किया। रियो ओलंपिक 2016 के विजेता पॉल ने अपने ट्विटर से ट्वीट कर इन बेडों का मजाक उड़ाया है। इस बार कोरोना को देखते हुए सोशल डिस्टेसिंग बनाए रखने के लिए कार्डबोर्ड के बेड बनाए गए हैं। इन बेडों को मजबूती को लेकर शक जताया जा रहा है।अमेरिका के एथलीट पॉल चेलिमो ने अपने ट्विटर अकाउंट से ट्वीट कर चुटकी लेते हुए लिखा, 'टोक्यो ओलंपिक विलेज में लगाए जाने वाले बेड कार्डबोर्ड के बने होंगे।

# भारतीय एथलीटों का पहला दल टोक्यो के लिए रवाना, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने टोक्यो ओलंपिक में भाग लेने वाले आठ खेलों के भारतीय खिलाडि़यों एवं सहयोगी सदस्यों को शनिवार शाम को यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर औपचारिक विदाई दी। खिलाडि़यों के पहले जत्थे को विदाई देने के लिए ठाकुर के साथ खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमाणिक, भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक संदीप प्रधान और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा एवं महासचिव राजीव मेहता के साथ अन्य अधिकारी शामिल थे।

शनिवार को रवाना हुए भारतीय दल में कुल 88 सदस्य हैं, जिसमें 54 खिलाडि़यों के अलावा सहयोगी सदस्य और आईओए के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। शनिवार को रवाना हुए दल में तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, हॉकी, जूडो, जिमनास्टिक, तैराकी और भारोत्तोलन से जुड़े खिलाड़ी और सहयोगी सदस्य शामिल हैं।

इस दल में पुरुष और महिला हॉकी टीम के खिलाडि़यों की संख्या सबसे ज्यादा हैं। हॉकी टीमों का हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसमें एयरपोर्ट के कर्मचारी दोनों तरफ खड़े होकर ताली बजा रहे थे।शीर्ष भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू 23 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए शुक्रवार को ही अमेरिका में अपने प्रशिक्षण केन्द्र से टोक्यो पहुंच गयी थी। ओलंपिक में भारत की इकलौती भारोत्तोलक चानू, राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा और सहायक कोच संदीप कुमार के साथ टोक्यो पहुंची। चानू के एक अन्य सहायक कोच प्रमोद शर्मा दिल्ली से पहले जत्थे के साथ रवाना हुए।



# पहले एक बच्चे की नीति और अब कांवड़ यात्रा... आरएसएस को रास नहीं आ रहे योगी सरकार के फैसले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने भी कोविड की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए कांवड़ यात्रा को रद्द कर दिया है। योगी सरकार के इस फैसले से विश्व हिंदू परिषद (विहिप) संतुष्ट नहीं है। विहिप ने योगी सरकार ये कांवड़ यात्रा के रद्द फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। इससे पहले विहिप ने योगी सरकार के कानून वन चाइल्ड पॉलिसी पर भी सवाल उठाए थे।

दरअसल, यूपी और उत्तराखंड सरकार के कांवड़ यात्रा रद्द करने के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र जैन ने दोनों राज्य सरकारों से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और कोरोनो वायरस प्रतिबंधों के साथ धार्मिक तीर्थ यात्रा की अनुमति देने का आग्रह किया है। सुरेंद्र जैन ने कहा कि कांवड़ यात्रा हिंदुओं के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण धार्मिक यात्रा है जो देश को एकता में बांधती है। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए लेकिन यात्रा पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं है। मेरी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों से अपील है कि वे अपने फैसले पर पुनर्विचार करें और यात्रा



की अनुमति दें।

यात्रा आयोजित करने के तरीके खोजने के लिए शासी निकायों को सुझाव देते हुए सुरेंद्र जैन ने कहा कि न्यायपालिका को अपने फैसले में चयनात्मक नहीं होना चाहिए। लोगों की धार्मिक आस्था को दबाने के बजाय, राज्य सरकारों और सुप्रीम कोर्ट को भविष्य में स्थिति को नियंत्रित करने के तरीके खोजने चाहिए।उन्होंने यह भी बताया कि हाल के दिनों में कुछ प्रतिबंधों के साथ जगननथ यात्रा की अनुमति दी गई थी। इसके अलावा बकरीद से पहले, केरल सरकार ने राज्य में त्योहार के जश्न के कारण वीकेंड लॉकडाउन से तीन दिन की रियायत की घोषणा की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले उत्तराखंड सरकार ने कोविड की तीसरी लहर के खतरे को देखते हुए कांवड़ यात्रा रद्द कर दिया था। वहीं सुप्रीम कोर्ट के स्वतः संज्ञान लेने के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने भी शनिवार को यात्रा निलंबित करने का निणय लिया है।

विश्व हिंदू परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि वह ड्राफ्ट से एक बच्चे के नियम को हटा दें। विहिप का कहना है कि इससे समाज में असंतुलन बढ़ जाएगा। बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण बिल का ड्राफ्ट उत्तर प्रदेश विधि आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया और लोगों से 19 जुलाई तक आपत्तियां मांगी हैं। इस बिल की प्रस्तावना में लिखा है कि यह बिल अन्य बातों के साथ-साथ जनसंख्या को स्थिर करने और दो बच्चों के मानदंड को बढ़ावा देने के लिए लाया जा रहा है। विहिप दोनों बातों से सहमत है।

हालांकि, बिल के सेक्शन 5, 6(2) और 7 कहा गया है कि जिन सरकारी कर्मचारियों और अन्य लोगों का सिर्फ एक ही बच्चा होगा, उन्हें इंसेटिव दिया जाएगा। इस नियम पर विहिप ने आपत्ति जताई है।

# नवजोत सिंह सिद्धू बने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष

## चार कार्यकारी अध्यक्ष भी, गुरुघर में नतमस्तक हुए

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में खींचतान के बीच नवजोत सिंह सिद्धू को प्रदेश प्रधान बनाने की घोषणा कर दी गई है। चार कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाए गए हैं। कार्यकारी अध्यक्ष संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा होंगे। कांग्रेस हाईकमान की ओर से अभी थोड़ी देर पहले इसकी घोषणा की गई है। पवन गोयल प्लानिंग बोर्ड, फरीदकोट के चेयरमैन हैं। वह पुराने कांग्रेसी हैं। डैनी विधायक व दलित नेता हैं। कुलजीत सिंह नागरा अभी सिक्किम, नगालैंड और त्रिपुरा के कांग्रेस प्रभारी हैं।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष बनाने की घोषणा के बाद नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला के गुरुद्वारा श्री गुरु दुख निवारण साहिब पहुंचे और वहां नतमस्तक हुए। वह काफी देर तक वहां रहे और दर्शन किए। सिद्धू को वहां मौजूद लोगों ने बधाई दी। बाहर भी काफी संख्या में लोग मौजूद थे। सिद्धू जालंधर से देर रात पटियाला लौटे। वह मंगलवार को अमृतसर जाएंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से देर रात इस संबंध में पत्र जारी किया गया। पत्र में कहा गया है पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवजोत सिंह सिद्धू को तुरंत प्रभाव से पंजाब कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पंजाब कांग्रेस के चार कार्यकारी अध्यक्षों को भी नियुक्त किया है। पार्टी पंजाब कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष सुनील जाखड़ की सेवाओं की भी सराहना करती है। इसके साथ ही कुलजीत सिंह नागरा को सिक्किम, नगालैंड और त्रिपुरा के कांग्रेस प्रभारी पद से भी मुक्त किया जाता है।कांग्रेस हाईकमान ने अंततः 48 दिन की मशक्कत और मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के विरोध को दरकिनार करते हुए सिद्धू के नाम पर मोहर लगाई है। कांग्रेस ने सिद्धू के साथ चार वर्किंग प्रधान भी लगाए है। इनमें दोआबा से ओबीसी कोटे के संगत सिंह गिलजियां, माझा से दलित कोटे से सुखविंदर सिंह डैनी, मालवा से हिंदू कोटे से पवन गोयल और सिख कोटे से कुलजीत सिंह नागरा शामिल हैं।



- नवजोत सिंह सिद्धू - पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष।
- संगत सिंह गिलजियां - कार्यकारी अध्यक्ष।
- सुखजिंदर सिंह डैनी- कार्यकारी अध्यक्ष।
- पवन गोयल - कार्यकारी अध्यक्ष।
- कुलजीत सिंह नागरा- कार्यकारी अध्यक्ष।
- गुरुद्वारा श्री गुरु दुख निवारण साहिब में नतमस्तक हुए नवजोत सिंह सिद्धू

# मुंबई की बारिश में मौत का खौफ, दीवार गिरी तो करंट के डर से दो घंटों तक सीढ़ी पर खड़ी रही 2 महिलाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के माहुल इलाके में रविवार को भारी बारिश के बाद एक दीवार गिरने के चलते बिजली का करंट लगने के डर से दो महिलाएं अपनी झोंपड़ी में लकड़ी की सीढ़ी पर दो घंटे से अधिक समय तक खड़ी रहीं।



एक अधिकारी ने बताया कि माहुल के भरतनगर इलाके में तड़के करीब एक बजे एक पहाड़ी पर स्थित कुछ घरों में कंपाउंड की दीवार गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई। 40 साल की लक्ष्मी जोंगंकर अपनी झोंपड़ी के अंदर थीं, तभी बाहर के लोगों ने इलाके में दीवार गिरने के चलते चीख-पुकार शुरू कर दी। उन्होंने अपने घर की खिड़की खोली तो देखा कि कई झुग्गियां नष्ट हो गई हैं। लेकिन, उन्होंने यह नहीं देखा कि मलबा उसके घर में भी घुस गया है और उसे क्षतिग्रस्त कर दिया है।

लक्ष्मी ने बताया कि ठलोग घबरा गए और चिल्लाने लगे कि इलाके में बिजली का करंट फैल गया है, ये सुनकप मैं एक अन्य महिला रिश्तेदार के साथ अपनी झोंपड़ी में लकड़ी की सीढ़ी पर खड़े हो गए।

दो घंटे से अधिक समय के बाद, एक आदमी हमारे बारे में पूछताछ करने आया और हमसे बाहर आने के लिए कहाठ। महिला ने कहा कि उसने डंडे की मदद से दरवाजा खोला और घर से बाहर निकलने में सफल रही।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में भारी बारिश के चलते जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मुंबई में शनिवार रात से हो रही भारी बारिश रविवार सुबह भी जारी है, जिसकी वजह से तबाही का नजारा देखने को मिल रहा है। यहां दीवार ढहने से संबंधित दो अलग-अलग दर्दनाक हादसों में 25 लोगों की मौत हुई है।

## नहीं थम रही कोरोना की रफ्तार, 24 घंटे में फिर बढ़े कोरोना के नए केस, 518 मौतें भी दर्ज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच एक बार फिर से कोरोना के नए मामले 40 हजार के पार हो गए हैं, वहीं एक्टिव केस भी लगातार 4 लाख से ऊपर बने हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते एक दिन में कोरोना के 41 हजार 157 नए मामले आए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि कोरोना से ठीक होने वालों की दर 97.31 फीसदी हो गई है। अभी तक कोरोना से देशभर में कुल 3 करोड़ 2 लाख 69 हजार 796 मरीज ठीक हो चुके हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या 42 हजार 4 रही है। इस दौरान 518 मरीजों ने कोरोना से दम भी तोड़ा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अब देश में कोरोना के इलाजरत मरीजों का आंकड़ा 4 लाख 22 हजार है।

# जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कर्मचारी को पिछले वेतन के साथ दोबारा सेवा में लिया जाना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि छंटनी करते समय यदि औद्योगिक विवाद कानून की धारा 25 एफ की शर्तों का पालन नहीं किया गया है तो ऐसी स्थिति में कर्मचारी को पिछले वेतन के साथ दोबारा सेवा में लिया जाना जरूरी नहीं है।

यह फैसला देकर सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट का यह फैसला रद्द कर दिया, जिसमें बुंदेलखंड क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (टीकमगढ़) के छंटनी किए गए कर्मचारी को पूरे पिछले वेतन के साथ नौकरी पर रखने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कर्मचारी को दिया गया 5 लाख रुपये का मुआवजा पर्याप्त है। जस्टिस एल नागेश्वर राव और अनिरुद्ध बोस की पीठ ने बैंक की अपील मंजूर करते हुए कहा, दलीलों पर विचार करने के



बाद हमारा मानना है कि प्रतिवादी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय किए गए कानून के मद्देनजर बहाली का हकदार नहीं है।

मामले में दिए गए फैसलों पर आधारित निणर्य में यह स्पष्ट है कि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 एफ के तहत छंटनी की शर्तों का उल्लंघन बकाये वेतन के पूर्ण भुगतान के साथ बहाली के लिए स्वतः ही आवश्यक नहीं होगा।

इस मामले में पंचम यादव बैंक से हटाए जाने को केंद्र सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती दी थी। न्यायाधिकरण ने दावेदार के खिलाफ फैसला दिया और माना कि वह एक नियमित कर्मचारी नहीं था, क्योंकि वह दैनिक मजदूरी पर कार्यरत था। वह यह साबित नहीं कर सका कि उसने एक कैलेंडर वर्ष में लगातार 240 दिनों से अधिक काम किया है। इस फैसले को यादव ने रिट याचिका में मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने यादव की याचिका स्वीकार कर ली और फैसला दिया कि बैंक यह बताने में सफल नहीं हो सका है कि यादव ने 240 दिनों तक लगातार काम नहीं किया है। इस फैसले के खिलाफ बैंक सुप्रीम कोर्ट आया था। किसी उद्योग में नियोजित कोई भी कामगार, जो किसी नियोक्ता के अधीन कम से कम एक वर्ष तक निरंतर सेवा में रहा हो, उस नियोक्ता द्वारा तब तक छंटनी नहीं की जाएगी जब तक कि कामगार को लिखित में एक महीने का नोटिस दिया गया है जिसमें छंटनी के कारणों का संकेत दिया गया है।

# मोदी भक्तों चुप क्यों हो...दिग्विजय सिंह ने तालिबान के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान और अफगान सैनिकों के बीच खूनी झड़प जारी है। इस बीच तालिबान के मुद्दे पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने मोदी सरकार को घेरा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने तालिबान के मामले में आज फिर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को निशाने पर लिया और आरोप लगाया कि मोदी और शाह अफगानिस्तान की मदद ना कर तालिबान को फायदा पहुंचा रहे हैं। उन्होंने मोदी के समर्थकों पर भी तंज कसा। दिग्विजय सिंह ने ट्वीट किया, 'मोदी भक्तों आप इस खबर पर चुप क्यों हैं क्या साहब से संदेश नहीं आया भाजपा, मोदी, शाह सरकार तालीबान के साथ चर्चा



कर रही है। इमरान खान साहब भी तालीबान पर मेहरबान हैं। लगता है भाजपा-मोदी -शाह व इमरान खान अफ़ग़ानिस्तान की चुनी सरकार को मदद ना कर, तालिबान का रास्ता साफ़ कर रहे हैं।मोदी भक्तों आप इस खबर पर चुप क्यों हैं क्या साहब से संदेश नहीं आया भाजपामोदीशाह सरकार तालीबान के साथ चर्चा कर रही है। इमरान खान साहब भी तालीबान पर मेहरबान हैं। लगता है भाजपामोदीशाह व इमरान खान अफ़ग़ानिस्तान की चुनी सरकार को मदद ना कर, तालिबान का रास्ता साफ़ कर रहे हैं।

इससे पहले कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने शनिवार को कहा कि जब तक पाकिस्तान की इमरान खान सरकार मुंबई आतंकवादी हमलों और भारत के खिलाफ दहशतगर्दी की अन्य हरकतों के मददगारों पर सख्त कार्रवाई नहीं करती, तब तक दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच बातचीत का सिलसिला बहाल होना मुमकिन नहीं है। सिंह ने इंदौर में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत बहाल करने में वे सारे लोग बाधा हैं जिनकी मुंबई आतंकवादी हमलों और (भारत के खिलाफ) अन्य आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने वाले लोगों को प्रश्रय और वित्तीय मदद देने में शामिल होने को लेकर पहचान हो गई है।उन्होंने हाफिज सईद और मसूद अजहर का नाम लेते हुए कहा कि भारत विरोधी आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले लोग ठपूरी तरह सेठ पाकिस्तान सरकार के संरक्षण में हैं। उन्होंने कहा, ठजब तक इमरान खान सरकार इन लोगों को संरक्षण देती रहेगी और इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक दोनों पड़ोसी देशों के बीच भला कैसे बातचीत होगी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने ये बातें इमरान खान के उस ताजा बयान को लेकर प्रतिक्रिया दिये जाने पर कहीं जिसमें पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने ठसभ्य पड़ोसियोंठ के तौर पर भारत-पाकिस्तान संबंधों की राह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा को कथित रूप से बाधक करार दिया था।

# 21 जुलाई तक उत्तरी भारत में भारी बारिश के आसार, कई राज्यों पर पड़ेगा प्रभाव, मौसम विभाग की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देरी से भारत पहुंच रहा मॉनसून अब जमकर बरसात कराएगा। इसको लेकर भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को भविष्यवाणी की है। इसके मुताबिक उत्तरी भारत में 18 से 21 जुलाई के बीच जोरदार बारिश होने का अनुमान है। वहीं 23 जुलाई तक पश्चिमी तट पर तीव्र बारिश होने का भी अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक देश के उत्तरी हिस्सों, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में अगले 24 घंटे में गरज-चमक के साथ मध्यम से तीव्र बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इन इलाकों में लोगों और जानवरों के लिए बाहर न निकलने की



चेतावनी जारी की है।

इसके अलावा पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में तीव्र से अतितीव्र बारिश होने का अनुमान भी मौसम विभाग ने जताया है। इन इलाकों में जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगिट, बाल्टीस्तान के अलावा मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश भी 18 से 21 जुलाई तक प्रभावित रहेंगे।

# आरएसएस-मोदी के नाम को इमरान ने बनाया चुनावी हथकंडा, खुद को कश्मीरियों का 'ब्रांड एम्बेसडर' भी बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत को बदनाम करने की फिराक में रहने वाले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान अब चुनावी रैलियों में भी आरएसएस-मोदी का नाम अलापने लगे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शनिवार



को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर हमला किया। यहां उन्होंने सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को कश्मीरियों के ठब्रांड एंबेसडरठ तक बता दिया।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार पीओके के बाग इलाके में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए खान ने दावा किया कि ठभाजपा और आरएसएस की विचारधारा ने भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा पैदा किया है क्योंकि इस विचारधारा ने केवल मुसलमानों, बल्कि सिखों, ईसाइयों के अलावा अनुसूचित जातियां तक को निशाना बनाया है। उन्होंने 5 अगस्त, 2019 के बाद से कश्मीर में ठअत्याचारठ तेज होने का दावा करते हुए, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के पीएम मोदी सरकार के फैसले की भी आलोचना की। खान ने आगे सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ठकश्मीरियों के ब्रांड एंबेसडरठ होने का दावा करते हुए कहा, पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ खड़ा है। कुरान का हवाला देते हुए, पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि वह दुनिया भर में कश्मीरियों के मामले को उनके ठराजदूत और वकीलठ के रूप में उठाते रहेंगे। इमरान का यह भाषण 25 जुलाई को पीओके में होने वाले आगामी चुनावों के बीच आया है। बढ़ते कर्ज और खराब आर्थिक रिकॉर्ड के बीच, खान ने अपने भाषण के दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के आर्थिक मॉडल और चीन द्वारा अपनाए गए ठह्यूमेनिटी फर्स्टठ दृष्टिकोण की सराहना की।

पीएम मोदी और भारत पर इमरान का यह हमला ऐसे समय में आया है जब अफगानिस्तान में तालिबान की कार्रवाइयों के संबंध में पाकिस्तान की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं और इमरान इससे बच रहे हैं। बल्कि सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने की चिंताओं के बीच भारत के साथ रुकी हुई वार्ता के लिए उन्होंने ठआरएसएस की विचारधाराठ को दोषी ठहराया।

## ब्रिटेन में एक बार फिर से फैला कोरोना, टीके की दोनों डोज ले चुके स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद भी हुए संक्रमित

**लदंन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री साजिद जाविद ने शनिवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें बीमारी के हल्के लक्षण हैं। बता दें कि साजिद जाविद कोरोना रोधी टीके की दोनों डोज लेने के बाद वायरस से संक्रमित हुए हैं। जाविद ने ट्वीट किया, 'आज सुबह मैं कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया। मैं अपनी पीसीआर जांच के नतीजे का इंतजार कर रहा हूं, लेकिन सौभाग्य से मैंने टीका लगवा लिया था और लक्षण हल्के हैं।उन्होंने लिखा, 'अगर आपने टीका नहीं लगवाया है तो कृपया टीकाकरण कराने के लिए आगे आएं।' स्वास्थ्य मंत्री ने ट्वीट में लिखा, 'मैंने टीके की दोनों खुराक ले ली थीं और अब तक मेरे लक्षण बहुत ही हल्के हैं।

# आईएसआई का तालिबानी लड़ाकों को निर्देश- अफगानिस्तान में भारत द्वारा बनाए गए संपत्तियों को करो टारगेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में आतंकी गुट तालिबान में बड़ी संख्या में शामिल हुए पाकिस्तानी लड़ाकों को बीते कुछ वर्षों में युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में भारत द्वारा निर्मित संपत्तियों को टारगेट करने के लिए कहा गया है। यह निर्देश इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा दिया गया है। आपको बता दें कि भारत सरकार ने पिछले दो दशकों से अफगानिस्तान के पुनर्निर्माण के प्रयास में 3 बिलियन अमरीकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। डेलाराम और जरांज सलमा बांध के बीच 218 किलोमीटर की सड़क और अफगान संसद भवन, जिसका उद्घाटन 2015 में किया गया था, अफगान लोगों के लिए भारतीय योगदान के सबसे बड़े प्रतीक हैं।

एक अनुमान और इनपुट के अनुसार, अशरफ गनी के नेतृत्व वाली अफगानिस्तान सरकार के खिलाफ तालिबान के हमले का खुलकर समर्थन करने के लिए 10,000 से अधिक पाकिस्तानियों



ने अफगानिस्तान में युद्ध क्षेत्र में प्रवेश किया है। इनपुट के अनुसार, पाकिस्तानी और तालिबान लड़ाकों को विशेष निर्देश के साथ भारत द्वारा निर्मित संपत्तियों को टारगेट करने और वहां भारतीय सद्भावना के किसी भी संकेत को मिटाने के लिए भेजा गया है। अफगानिस्तान की निगरानी करने वाले सरकारी सूत्रों ने एएनआई को यह जानकारी दी है।

भारत ने अफगानिस्तान में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान दिया था। शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई थी। हक्कानी नेटवर्क सहित पाकिस्तान समर्थित इस्लामिक आतंकवादी समूह वहां भारत के खिलाफ वर्षों से अत्यधिक सक्रिय हैं।भारतीय पक्ष इस मुद्दे पर भी असमंजस में है कि क्या उन्हें काबुल में अपनी उपस्थिति बनाए रखने की अनुमति दी जाएगी क्योंकि अभी तक अति-कट्टरपंथी इस्लामी समूह द्वारा कोई आश्वासन या संकेत नहीं दिया गया है, जिसे भारत के विरोध के रूप में देखा गया है।भारतीय एजेंसियां काबुल हवाईअड्डे पर भी स्थिति पर करीब से नजर रखे हुए हैं, जो अब बहुत लंबे समय तक अमेरिकी सुरक्षा में नहीं रहने वाला है।

## टीके की खाई : दुनिया में अबतक तीन अरब डोज लगीं पर इस देश को मिली केवल 30 ही वैक्सीन

**नई दिल्ल्ली (एजेंसी)।** जहां दुनिया में टीके की अब तक तीन अरब से ज्यादा खुराके इस्तेमाल हो गईं, वहीं उत्तरी अमेरिका के देश हैती में 30 लोगों को ही टीका मिला है। हैती में शुक्रवार को पहली बार प्रयोगिक तौर पर चुनिंदा स्वास्थ्यकमिर्यों और वरिष्ठ नागरिकों को टीका लगाया गया। गौरतलब है कि दुनिया में वितरण की असमानता के कारण टीकारण में गरीब देश पिछड़ गए हैं। महामारी की शुरुआत के बाद से हैती को शनिवार को टीके की पहली खुराक मिली। हैती को पांच लाख खुराके मिली हैं जो कि कम आय वाले देशों के लिए संयुक्त राष्ट्र की कोवैक्स पहल के तहत अमेरिका ने दान दी।